


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 28 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-030 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 29 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## ओवर स्मार्ट मत बनिए, जैसे कि हमें कुछ पता ही नहीं है

### वकील पर भड़क गए सीजेआई सूर्यकांत

**नई दिल्ली,28 अप्रैल।** जस्टिस सूर्यकांत की पीठ वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट ऐसे वकीलों के लिए अपने दरवाजे नहीं खोल सकता, जो अपनी काली कोट का गलत इस्तेमाल करते हैं। सुको ने वकील के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की भी चेतावनी दी। सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायधीश जस्टिस सूर्यकांत की पीठ वाली बेंच एक वकील पर भड़क गई। पीठ ने जजों के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले इस वकील को तगड़ी फटकार लगाई। दरअसल सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव में अयोग्यता को चुनौती देने वाली कुछ वकीलों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। वकीलों ने संशोधित योग्यता के मानदंड पूरे ना करने पर चुनाव लड़ने से रोके जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि एक याचिकाकर्ता ने बार काउंसिल चुनाव की निगरानी के लिए कोर्ट द्वारा बनाई गई कमिटी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां पोस्ट की थीं। इस कमिटी की अध्यक्षता रिटायर्ड जस्टिस सुधांशु धूलिया कर रहे हैं। कोर्ट ने इन टिप्पणियों पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने गलत, निराधार और आपत्तिजनक आरोप लगाए हैं और वह कोर्ट से किसी राहत का हकदार नहीं है।



बेंच ने कहा कि कोर्ट ऐसे वकीलों के लिए अपने दरवाजे नहीं खोल सकता, जो अपनी काली कोट का गलत इस्तेमाल करते हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा, "हमें इस याचिकाकर्ता का वेबसाइट या फेसबुक दिखाइए और बताइए कि अभी उसके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए और उसे तुरंत गिरफ्तार क्यों न किया जाए। वो खुद को बहुत चालाक समझते हैं और कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करते हैं। दूसरे याचिकाकर्ता को भी हमारे सामने पेश करो। ज्यादा ओवरस्मार्ट मत बनिए जैसे हमें पता ही न हो कि क्या चल रहा है।" पीठ ने आगे कहा, "इसने जस्टिस सुधांशु धूलिया और कमिटी के अन्य सदस्यों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है और बदनाम करने वाले आरोप लगाए हैं। हम इस याचिका को ₹1 लाख के जुर्माने के साथ खारिज करते हैं।"

हालांकि, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मीनाक्षी अरोड़ा ने कोर्ट को बताया कि जिस वकील ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, वह अब इस मामले में याचिकाकर्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह व्यक्ति अब इस याचिका का हिस्सा नहीं है और उनके बयान का समर्थन नहीं किया जाता। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने टिप्पणी की, "वह इसलिए नहीं है, क्योंकि उसे पता है कि हम उसे पकड़ चुके हैं।"

एक अन्य वकील सिद्धार्थ आर गुप्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि बाकी याचिकाकर्ताओं को राहत से वंचित न किया जाए और सभी को एक जैसा न माना जाए। उन्होंने कहा कि सभी को एक ही नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने इस तर्क को भी खारिज कर दिया और किसी भी याचिकाकर्ता को राहत देने से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा, "हम किसी तरह की छूट देने का कोई कारण नहीं देखते। हम उन लोगों के लिए यह रास्ता नहीं खोलेंगे जो सिस्टम का गलत इस्तेमाल करते हैं। ये लग्जरी लिटिगेशन हैं।"

## डिवाडर से टकराकर कार ट्रक में जा घुसी,3 की मौत

कोरबा,28 अप्रैल। चांपा हाईवे पर रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहा था। हादसे के शिकार सोनी परिवार का काशीनगर में टेंट हाउस का व्यवसाय है, और इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, काशीनगर का रहने वाला सोनी परिवार चांपा में एक कार्यक्रम (चौथिया) में शामिल होकर देर रात करीब 2 बजे अपनी कार से कोरबा वापस लौट रहा था। फरसवानी टोल नाके के पास कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क किनारे खड़े एक हाइवा (भारी ट्रक) में जा घुसी।



टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में मौके पर ही तीन लोगों की जान चली गई,मृतको में मोंगरा सोनी (45 वर्ष),देवेंद्र सोनी (22 वर्ष), प्रियांश (ढाई वर्ष) शामिल है, परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए चांपा के एनकेएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, तेज रफ्तार ही इस तबाही की मुख्य वजह रही। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि कोरबा जिले में अप्रैल महीने के दौरान सड़क हादसों में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। आंकड़ों के अनुसार अकेले अप्रैल माह में अब तक 26 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हो चुकी है।

### नेशनल हाईवे पर बाइक में रोमांस!

**बिलासपुर,28 अप्रैल।** नेशनल हाईवे पर एक बार फिर लापरवाही और



स्टंटबाजी का मामला सामने आया है। रतनपुर–बिलासपुर एनएच पर 'लैला-मजनू' स्टाइल में किए गए स्टंट कैमरे में कैद हो गए हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक मोपेड पर तीन लोग सवार होकर नेशनल हाईवे पर लापरवाही से वाहन चला रहे हैं। इस दौरान युवक-युवतियां सड़क पर रोमांटिक अंदाज में बैठे नजर आ रहे हैं, जिसे लोगों 'लैला-मजनू' स्टाइल बता रहे हैं। इन युवाओं ने न सिर्फ अपनी जान जोखिम में डाली, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया। जो ट्रैफिक नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। फिलहाल इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### अभिनेता भरत कपूर का निधन

**नई दिल्ली,28 अप्रैल।** हिंदी सिनेमा के गोल्डन एरा का एक और चेहरा अब हमेशा के लिए खामोश हो गया। 70, 80 और 90 के दशक में अपनी दमदार एक्टिंग से पहचान बनाने वाले भरत कपूर का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया। उनकी उम्र करीब 80 साल थी। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली, जिसके बाद शाम 6:30 बजे सायन इलाके के श्मशान में परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके करीबी दोस्त और अभिनेता अवतार गिल ने इस खबर की पुष्टि की। भरत कपूर उन कलाकारों में से थे जिन्होंने छोटे-बड़े हर किरदार में जान डाल दी। नूरी, राम बलराम, लव स्टोरी, बाज़ार, ग़ुलामी और आख़िरी रास्ता जैसी फिल्मों में उनके काम को आज भी याद किया जाता है।



### जिला शिक्षा डीईओ अधिकारी विजय कुमार लहरे निलंबित

**महासमुंद,28 अप्रैल।** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे को निलंबित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन ने यह बड़ी कार्रवाई प्रश्नपत्र विवाद, लापरवाही और विभिन्न अनियमितताओं को लेकर की है। बताया जा रहा है कि हाल ही में परीक्षा से जुड़े प्रश्नपत्रों के मामले में गंभीर गड़बड़ियां सामने आई थीं, जिसके बाद जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच में सामने आया है, कि लापरवाही और प्रशासनिक चूक पाए जाने पर शासन ने तत्काल प्रभाव से विजय कुमार लहरे को सस्पेंड कर दिया। स्कूल शिक्षा विभाग ने 27 अप्रैल को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया।

## लव मैरिज पर दंपति को ऑनर किलिंग की धमकी

### हाईकोर्ट ने एसपी को सुरक्षा देने के दिए निर्देश

**बिलासपुर,28 अप्रैल।** हाईकोर्ट ने लव मैरिज करने वाले नवदंपति को सुरक्षा प्रदान करने कोरबा एसपी को निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने कहा- याचिकाकर्ताओं को किसी भी प्रकार की हानि न पहुंचे और उनके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विधिवत रक्षा की जाए. याचिकाकर्ताओं द्वारा कोई शिकायत किए जाने की स्थिति में, उसकी तुरंत जांच की जाए और कानून के अनुसार आवश्यक निवारक उपाय किए जाएं. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिविजन बेंच ने ये निर्देश जारी किया है. बता दें कि उक्त दंपति को मर्जी से विवाह पर ऑनर किलिंग और झूठे अपराध में फंसाने की धमकी दी जा रही है. इस आशंका पर उन्होंने रिट याचिका दायर कर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है. हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने छत्तीसगढ़ कोरबा के एसपी और संबंधित थाना प्रभारी सहित पति-पत्नी के रिश्तेदार जिन्हें पक्षकार बनाया गया है, उन्हें निर्देशित करते हुए कहा, वे याचिकाकर्ताओं के शांतिपूर्ण वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप न करें.दरअसल, कोरबा जिले के कटघोरा निवासी चिंटू अग्रवाल और अंजलि शर्मा पड़ोसी हैं. लंबे समय से परिचय के दौरान उनके बीच प्रेम संबंध हुआ, और उन्होंने विवाह का निर्णय लिया. अंजलि शर्मा के परिवार ने उनके विवाह का कड़ा विरोध किया. याचिकाकर्ताओं ने अपनी इच्छा और सहमति से 27 फरवरी 2026 को आर्य समाज जयपुर राजस्थान जाकर विवाह कर लिया. इसके बाद, उन्होंने जयपुर में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपने विवाह का विधिवत पंजीकरण कराया और अपने वैवाहिक स्थिति की पुष्टि करते हुए एक शपथ पत्र दिया. विवाह के समय, दोनों याचिकाकर्ता बालिग होने से कानून के तहत वैध विवाह करने के लिए सक्षम थे. याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट को बताया कि शादी के बाद पत्नी अंजलि के परिवार के सदस्यों से लगातार उनको धमकियां दी जा रहीं हैं, जिनमें ऑनर किलिंग और झूठे आपराधिक मामलों में फंसाए जाने की धमकियां शामिल हैं. संबंधित पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायतें सौंपने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. इससे याचिकाकर्ताओं को अपने जीवन और स्वतंत्रता के लिए निरंतर भय का सामना करना पड़ रहा है.राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए शासकीय अधिवक्ता ने कहा, याचिका में लगाए गए आरोपों के आधार पर कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता है. याचिकाकर्ताओं ने किसी विशिष्ट घटना, तिथि, समय या ऐसे किसी भी महत्वपूर्ण विवरण का खुलासा नहीं किया है जो संज्ञेय अपराध का गठन करता हो, और धमकी के आरोप अस्पष्ट, सामान्य और निराधार हैं.

### लिव-इन रिलेशनशिप पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

## 15 साल से सहमति से बना रिश्ता अपराध और यौन उत्पीड़न कैसे?

**नई दिल्ली,28 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप पर फैसला देते हुए एक मिसाल कायम की है. पूर्व लिव इन पार्टनर पर शादी का झांसा देकर कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाने वाली महिला से सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सवाल किया कि जब रिश्ता आपसी सहमति या मर्जी से बना हो, तो उसमें अपराध का सवाल ही कहां उठता है? इस महिला ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर के विरुद्ध FIR रद कर दी गई थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने उस मामले पर सवाल उठाया, जिसमें महिला 15 साल तक पुरुष के साथ रही और उनका एक 7 साल का बच्चा भी है.जब कोई रिश्ता आपसी सहमति से बना हो, तो उसमें अपराध का सवाल ही कहां उठता है? सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक महिला से यह सवाल पूछा. इस महिला ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द कर दिया गया था. यह मामला शादी का झूठा वादा करके कथित यौन उत्पीड़न करने से जुड़ा था.महिला के वकील ने कोर्ट को बताया कि उसके पति का पहले ही निधन हो चुका था और उसके जीजा ने ही उसकी मुलाकात आरोपी से करवाई थी. कोर्ट को यह भी बताया गया कि आरोपी ने महिला से शादी करने का वादा किया था और उसका यौन शोषण किया था. तब अदालत ने पूछा, "शादी से पहले ही वह उस पुरुष के साथ जाकर क्यों रहने लगी?"अदालत ने कहा, "वह उसके साथ रही. उससे उसका एक बच्चा भी हुआ. अब वह पुरुष रिश्ता तोड़कर चला जाता है, क्योंकि उनके बीच शादी या कोई कानूनी बंधन नहीं है. लिव-इन रिलेशनशिप में ऐसा जोखिम तो रहता ही है. इसलिए जब पार्टनर रिश्ता तोड़कर चला जाता है, तो यह कोई अपराध नहीं बन जाता."

जब महिला के वकील ने दलील दी कि आरोपी ने अपनी पहली शादी छिपाई और शादी का झूठा वादा किया, तो बेंच ने कहा, "अगर उनकी शादी हुई होती, तो वह दूसरी शादी के खिलाफ केस कर सकती थी. वह गुजारा-भत्ता के लिए भी केस कर सकती थी. लेकिन अब, जब उनकी शादी ही नहीं हुई है तो इसमें यह जोखिम रहता ही है. वे किसी भी दिन रिश्ता तोड़कर अलग हो सकते हैं. अब हम इसमें क्या कर सकते हैं?"

बेंच ने सुझाव दिया कि महिला कुछ अन्य कानूनी उपायों का सहारा ले सकती है, जैसे कि बच्चे के लिए गुजारा-भत्ता की मांग करना. साथ ही उन्होंने दोनों पक्षों को आपसी सुलह के लिए जाने की सलाह दी.




धर्म प्रचार के आरोप से बढ़ा तनाव

## पास्टर से मारपीट के बाद थाने पहुंचा मामला

**जगदलपुर,28 अप्रैल।** बस्तर थाना क्षेत्र के रेटावंड गांव में एक परिवार को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। बताया जा रहा है कि ओडिशा से आया यह परिवार कुछ समय से गांव में रह रहा था। ग्रामीणों ने परिवार के गांव में रहने के साथ पास्टर पर धर्म प्रचार करने का आरोप लगाया, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों और पास्टर पक्ष के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। घटना के बाद मामला बस्तर थाना पहुंचा, जहां विशेष समुदाय के लोगों ने आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई। समुदाय की ओर से परिवार के साथ मारपीट, गाली-गलौज और डराने-धमकाने के आरोप लगाए गए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी व्यक्ति गांव में स्थायी रूप से न रहे और गांव में धर्म प्रचार जैसी गतिविधियां बंद हों, इसी मांग को लेकर विरोध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गांव के प्रमुखों, सरपंच, कोटवार और दोनों पक्षों को थाने बुलाकर समझाइश दी। बैठक में सहमति बनी कि संबंधित परिवार के बच्चों की परीक्षा समाप्त होने के बाद परिवार गांव छोड़ देगा। फिलहाल मामला शांत हो गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने और भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद से बचने की हिदायत दी है।

### रूस ने भारत को चौथा S-400 सिस्टम भेजा

**मास्को,28 अप्रैल।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ से ठीक पहले भारत की हवाई सुरक्षा से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। रूस से बहुप्रतीक्षित चौथा S-400 एयर डिफेंस सिस्टम भारत के लिए रवाना कर दिया गया है। इसके मई के मध्य तक भारतीय बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, 'ऑपरेशन सिंदूर' में अपने शानदार प्रदर्शन का लोहा मनवाने वाले पांचवें S-400 सिस्टम के इस साल नवंबर में भारत आने की संभावना है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने 18 अप्रैल को ही भारत आने वाले इस चौथे सिस्टम का प्री-डिस्पैच निरीक्षण पूरा कर लिया था, जिसके बाद पिछले सप्ताह इसे रूस से भारत के लिए शिप कर दिया गया। पाकिस्तान के खिलाफ मिसाइल रक्षा ग्रिड को और अभेद्य बनाने के लिए इस नए सिस्टम को राजस्थान सेक्टर में तैनात किए जाने की उम्मीद है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान रूसी S-400 प्रणाली ने अपनी मारक क्षमता का जबरदस्त प्रदर्शन किया था। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 लंबी दूरी की S-400 मिसाइलें दागीं।



संदीप पाठक के गांव में आप का बवाल

## पैतृक घर पर 'गद्दार' लिखकर जताया विरोध

**मुंगेली,28 अप्रैल।** आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद राज्यसभा सांसद संदीप पाठक को लेकर छत्तीसगढ़ का भी सियासी पारा बढ़ गया है. इस फैसले से नाराज आप कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मुंगेली जिले में उनके पैतृक गांव बटहा में घर के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए घर की दीवार पर 'गद्दार' लिखकर अपना विरोध जताया. जानकारी के मुताबिक, बड़ी संख्या में जुटे आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संदीप पाठक पर धोखाधड़ी और अवसरवाद का आरोप लगाते हुए उनके घर के बाहर प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने यह भी लिखा कि संदीप पाठक थिंक टैंक नहीं, सैप्टिक टैंक निकले. कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस पार्टी ने उन्हें पहचान दी, उसे छोड़कर उन्होंने जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया है. बता दें कि 24 अप्रैल, 2026 राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आम आदमी पार्टी छोड़ने का ऐलान किया था. प्रेस कॉन्फ्रेंस में राघव ने भाजपा में शामिल होने की जानकारी दी थी. साथ ही अपने साथ कुल सांसदों का समर्थन का भी दावा किया था.

## रोशन चंद्राकर के घर से निकली ईडी की टीम, दस्तावेज जब्त

**धमतरी,28 अप्रैल।** बहुचर्चित भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाले मामले में ईडी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की. राइस मिलर रोशन चंद्राकर और भाजपा नेता भूपेंद्र चंद्राकर के भाई के निवास में एक साथ दबिश दी गई. इससे इलाके में हड़कंप मच गया. देर रात



तक चली कार्रवाई के बाद मंगलवार सुबह ईडी अधिकारियों की टीम दस्तावेज जब्त कर रोशन चंद्राकर के घर से निकल गई है. जांच के बाद कई नाम सामने आ सकते हैं.जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को धमतरी में भाजपा नेता रोशन चंद्राकर और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के चचेरे भाई भूपेंद्र चंद्राकर के भी ठिकानों पर छापेमारी की है. भूपेंद्र चंद्राकार पर सिर्फ अभनपुर ही नहीं, बल्कि अपने करीबियों को अलग-अलग तहसीलों में भारतमाला घोटाले में करोड़ों रुपए मुआवजा पहुंचाने का आरोप है. गौरतलब है कि राइस मिल लेवी वसूली मामले में रोशन चंद्राकर के निवास पर करीब तीन साल पहले भी ईडी ने छापा मारा था। इस दौरान उन्हें जेल भी हुई थी.

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में हुए जमीन मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में बड़े खुलासे हुए हैं. रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान करीब 500 करोड़ रुपये से अधिक की धांधली का आरोप है.

**अधिकारियों और जमीन दलालों की मिलीभगत-** प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में पता चला है कि कृषि भूमि को बैकडेट में गैर-कृषि भूमि में बदलकर उसका मुआवजा कई गुना बढ़ाकर दिखाया गया. यह खेल राजस्व विभाग के अधिकारियों (एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी) ने जमीन दलालों के साथ मिलकर खेला. इसमें एक ही खसरे की जमीन को कागजों में छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर अलग-अलग लोगों को मुआवजा दिलाया गया.

**10 लोगों के खिलाफ चार्जशीट पेश-** मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पूर्व में रायपुर और महासमुंद में छापेमारी कर करोड़ों की संपत्तियां अटैच की हैं, और 40 लाख रुपये से अधिक कैश जब्त किए हैं. मामले में तत्कालीन सब-डिविज़नल ऑफिसर निर्भय साहू और अन्य अधिकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. इसके साथ ईओडब्ल्यू ने 10 लोगों के खिलाफ पहली चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें सरकारी अधिकारी और जमीन दलाल शामिल हैं.

## ऑनलाइन आईपीएल सट्टा रैकेट का भंडाफोड़, 6 सटोरिए बंदी

**रायगढ़,28 अप्रैल।** शहर में अवैध ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। साइबर थाना, कोतवाली और घरघोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के 7 मोबाइल फोन, 15,490 रुपये नगद और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं। पहली कार्रवाई में साइबर थाना और कोतवाली पुलिस ने नयागंज कोष्टापारा क्षेत्र में दबिश देकर सोनू देवांगन (उम्र 21 साल) को गिरफ्तार किया। वह मोबाइल के जरिए चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैचों पर सट्टा संचालित कर रहा था। उसके मोबाइल से गूगल पे ट्रांजेक्शन और मैच संबंधित स्क्रीनशॉट भी मिले हैं। इसी दौरान गद्दी चौक स्थित ए-वन कैफे में छापेमारी कर हर्षित देवांगन (उम्र 24 साल) को ऑनलाइन सट्टा चलाते पकड़ा गया। आरोपी मोबाइल के माध्यम से हार-जीत पर दांव लगवा रहा था और डिजिटल पेमेंट के जरिए लेनदेन कर रहा था। घरघोड़ा थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। गोयल ट्रेडिंग दुकान से भरत गोयल (उम्र 22 साल) को गिरफ्तार किया गया, जो आईपीएल मैचों पर छक्का, चौका और विकेट पर सट्टा संचालित कर रहा था। दूसरी रेड में जय स्तंभ चौक के पास गौतम भोजवानी, लक्ष्मीनारायण सिदार और सागर गुप्ता को ऑनलाइन सट्टा खेलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने पर तीनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया



गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 7 मोबाइल फोन (कीमत लगभग ढाई लाख रुपये) और 15,490 रुपये नगद जब्त किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने उप मुख्यमंत्री शर्मा ने दी आर्थिक सहायता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 28 अप्रैल।** कबीरधाम जिले में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आर्थिक सहायता प्रदान कर एक प्रेरणादायक पहल की है। उन्होंने जरूरतमंद छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग करते हुए ग्राम हरमो निवासी भारती साहू को 2 लाख रुपए तथा ग्राम चिल्फी निवासी रंजना झारिया को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर उक्त राशि के चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र मानिकपुरी, श्री अमर कुर्रे, श्री ओमकार साहू, श्री लोकचंद साहू, श्री मिलू साहू उपस्थित रहे।




इस दौरान रंजना झारिया ने बताया कि उनके पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी, जिसके कारण उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट गई थी। उन्होंने कहा कि जब उन्हें जानकारी मिली कि उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा जरूरतमंदों की मदद करते हैं, तब उन्होंने उनसे संपर्क कर अपनी समस्या बताई। उनकी स्थिति को समझते हुए श्री शर्मा ने 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। रंजना ने बताया कि इस सहायता से वह अब दोबारा नर्सिंग की पढ़ाई शुरू कर सकेंगी और अपने भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने इसके लिए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मदद उनके जीवन में नई उम्मीद लेकर आई है।



**कवर्धा।** अनंत और अंजलि झा ने पौधा संरक्षण और पौधा रोपण का संदेश दिया

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर , डॉक्टर बनने का सपना देखते है बच्चे



**कवर्धा, 28 अप्रैल।** विजय चंद्रवंशी और अनीता चंद्रवंशी की सुपुत्री शिवांगी चंद्रवंशी ने बताया की अशोका पब्लिक स्कूल में पढ़ती हूं । क्लास 2 में शानदार सफलता अर्जित की । शिवांगी ने बताया की डॉक्टर बनना मेरा सपना है । संजू चंद्रवंशी और सोमनी चंद्रवंशी के सुपुत्र क्लास वन में 90 प्रतिशत लाकर शानदार सफलता अर्जित की है । अभ्युदय स्कूल कवर्धा में अध्ययनरत है । तरुण छत्तीसगढ़ पत्रकार ने सार्थक चंद्रवंशी से सवाल किया की आपका सपना क्या है । जवाब में सार्थक ने कहा की कलेक्टर बनना मेरा सपना है । नारायण जांगड़े और कौशल्या जांगड़े की सुपुत्री दीक्षिका जांगड़े ने यू के जी में प्रथम रैंक प्राप्त किया । सपने के सवाल पर कहा की डॉक्टर बनना मेरा सपना है ओर गौराज स्कूल की छात्रा है ।

## एक नजर

### फरार दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 28 अप्रैल (तछसं.)।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के वर्ष 2019 के हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि 20 अगस्त 2019 को ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज बीईसी कंपनी गेट के सामने ट्रक चालक प्यारेलाल यादव के साथ पुरानी रंजिश एवं विवाद के चलते आरोपियों ने अश्लील गाली.गलौज करते हुए हाथ.मुक्का एवं पत्थरों से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी भी दी। बीच.बचाव करने पहुंचे प्रार्थी सत्य प्रकाश के साथ भी मारपीट की गई । प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुरानी भिलाई में धारा 307ए 294ए 506ए 323ए 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान एक आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका थाए जबकि शेष आरोपी लंबे समय से फरार थे। 27 अप्रैल को फरार आरोपी लिगो बाघ ;30 वर्षद्ध निवासी बीईसी चौक राजीव नगर उड़िया मोहल्ला जामुल एवं अशोक बेहरा ;29 वर्षद्ध निवासी बीईसी चौकए राजीव नगर उड़िया मोहल्ला जामुल को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मालवाहन में सवारी ले जाने पर कार्रवाई



**भिलाई, 28 अप्रैल (तछसं.)।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस दुर्ग ने मालवाहक वाहनों में सवारी ले जाने के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया चेकिंग के दौरान अवैध रूप से सवारी ले जाते पाए जाने पर चालकों पर कार्रवाई कर यात्रियों को सुरक्षित साधनों के उपयोग के लिए समझाइश दी गई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग कर ट्रक, पिकअप एवं अन्य मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी परिवहन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की जा रही है साथ ही वाहन चालकों एवं आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवहार के संबंध में समझाइश भी दी जा रही है इस के अतिरिक्त ड्रंक एंड ड्राइव रोकथाम के लिए ब्रिथ एनालाइजर से नियमित जांच कर शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है ।

### कलेक्टर ने प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण के लिए दिए दिशा-निर्देश

**दुर्ग, 28 अप्रैल।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज प्राचीन पांडुलिपियों के संग्रहकर्ता श्री राम कुमार वर्मा से मुलाकात कर उनके द्वारा संकलित दुर्लभ पांडुलिपियों का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने पांडुलिपियों के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां हमारी समृद्ध विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनका संरक्षण एवं संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने कहा कि जिले के आम नागरिकों से अपील करता हूं कि अगर आपके पास प्राचीन पांडुलिपियां उपलब्ध है तो जिला प्रशासन से संपर्क कर या फिर क्षेत्र सर्वेयरों से संपर्क कर उसे प्रशासन को अवश्य उपलब्ध कराएं 7 उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन पांडुलिपियों को सुरक्षित रूप से संरक्षित करते हुए चरणबद्ध तरीके से डिजिटल माध्यम में परिवर्तित कर निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि यह अमूल्य धरोहर आमजन एवं शोधकर्ताओं के लिए सुलभ हो सके।

# कार्यशाला में सुरक्षा के लिए श्रमिकों से संवाद को जरूरी बताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 28 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र में सोमवार को गहन सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक के. रामकृष्ण एवं कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं राजेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एवं प्रमुख जेएसडब्ल्यू स्टील, मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए और अपने औद्योगिक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी. के. बेहेरा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी एवं इंजीनियर उपस्थित रहे। आयोजन का नेतृत्व डी. सतपथी एवं एस. के. अग्रवाल ने किया, जबकि शोवन घोष एवं अजय टल्लू कार्यक्रम समन्वयक रहे। स्वागत उद्बोधन में डी. सतपथी ने सुरक्षा अधिकारियों को कार्यस्थल का पहला सुरक्षा प्रहरी बताया। मुख्य वक्ता राजेन्द्र कुमार सिंह ने सुरक्षा संस्कृति को भय से आदत और आदत से संस्कृति तक की यात्रा बताते हुए श्रमिकों के साथ संवाद और सहभागिता को जरूरी बताया। कार्यपालक निदेशक के. रामकृष्ण ने संचालन प्रक्रियाओं के सख्त अनुपालन और मानक पुस्तिकाओं के पुनः अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं राकेश कुमार ने 360-डिग्री निरीक्षण, संभावित खतरों की पहचान, उपकरणों के स्वास्थ्य और एसओपी एवं हीरा की नियमित समीक्षा को सुरक्षा का आधार बताया।

# जामुल में स्कूल भवन के विस्तार का कार्य शुरू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल।** नगर पालिका जामुल द्वारा वार्ड क्रमांक 18 स्थित मां कर्मा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु स्थल पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। पालिका अध्यक्ष ने स्कूल समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए बताया कि राज्य सरकार के सहयोग तथा क्षेत्रीय विधायक एवं अनुसूचित जाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के मार्गदर्शन से नगर में विभिन्न विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना मद से 10 लाख रुपये की लागत से स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण प्रारंभ किया गया है। उन्होंने आगे भी शिक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। स्थल पूजन पंडित राकेश शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, वार्ड 16 के पार्षद चुम्मन वर्मा, साहू समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक, साथ ही स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने निरंतर किया जा रहा निरीक्षण

**अंवरी, 28 अप्रैल।** भखारा नगर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर पंचायत भखारा द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, सीएमओ हरि बावरिया, उपाध्यक्ष विष्णु साहू सहित पार्षद मेघनाथ साहू एवं जितेंद्र साहू ने फिल्टर प्लांट सहित भठेली के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने निर्माण स्थलों पर कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता के अनुरूप ही किए जाएं, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने कहा कि नगर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जनता की सुविधा और दीर्घकालिक उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कार्यों का निष्पादन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य में किसी प्रकार की कमी पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।सीएमओ हरि बावरिया ने भी अधिकारियों और ठेकेदारों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो सके और गुणवत्ता बनी रहे। वहीं उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि नगर के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि प्रतिबद्ध हैं और हर स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।निरीक्षण के दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे निर्माण कार्यों पर नजर रखें।

## रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार अब सेल के सीवीओ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



भिलाई, 28 अप्रैल। दिलीप कुमार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वे इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (आईआरएसएमई) के वरिष्ठ अधिकारी हैं और उन्हें 20 से अधिक वर्षों का व्यापक प्रशासनिक एवं तकनीकी अनुभव प्राप्त है। वे पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) में अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा बिहार के हरनौत स्थित कारखाने में मुख्य कारखाना प्रबंधक जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं। आईआईटी बीएचयू से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक करने वाले कुमार को राष्ट्रीय उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार तथा रेलवे बोर्ड उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जा चुका है।

## नृत्य-नाटिका आहार्यम ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**भिलाई, 28 अप्रैल।** कला मंदिर सिविक सेंटर में बीती शाम आयोजित नृत्य.नाटिका आहार्यम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्णप्रिय कथक केंद्र की इस प्रस्तुति का निर्देशन एवं संयोजन उपासना तिवारी ने किया। इस नृत्य.नाटिका में भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक यात्रा को विभिन्न चरणों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नन्हीं बच्चियों से लेकर वरिष्ठ कलाकारों तक ने अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि दर्शक भाव.विभोर हो उठे। प्रस्तुति की शुरुआत कथक के मंदिर काल से हुईए जिसमें भक्ति और सादगीपूर्ण वेशभूषा ;आहार्यद्ध को दर्शाया गया। इसके बाद रास लीला के माध्यम से राधा.कृष्ण की दिव्य लीलाओं का जीवंत चित्रण किया गया।

## छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद में विधिक सहायता समिति के लिए अधिवक्ता भुनेश्वर कुमार सिन्हा नामित

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा विधिक सहायता के क्षेत्र में सशक्त पहल करते हुए अधिवक्ता श्री भुनेश्वर कुमार सिन्हा (नामांकन क्रमांक 166/1993), जिला अधिवक्ता संघ धमतरी (छ.ग.) के पूर्व अध्यक्ष को परिषद की विधिक सहायता समिति में नामित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।यह नियुक्ति परिषद की 18 अप्रैल 2026 को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार की गई है, जिसे दिनांक 24 अप्रैल 2026 को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। परिषद के माननीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार यह आदेश जारी किया गया है।श्री सिन्हा के विधि क्षेत्र में लंबे अनुभव एवं समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

# गर्मी का कहर जारी, आने वाले दिनों में हल्की राहत के आसार

**भिलाई, 28 अप्रैल।** तेज गर्मी का असर लगातार बना हुआ है। आज मंगलवार को भी शहर में भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर के समय तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि रात में भी गर्म हवा के कारण लोगों को राहत नहीं मिल रही है। दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म बनी हुई हैं, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। हालांकि शाम के समय आसमान में बादलों की आवाजाही से आने वाले दिनों में मौसम बदलने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट संभव है। मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में फिलहाल ग्रीष्म लहर (लू) की स्थिति बनी रह सकती है। वहीं उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और उससे जुड़ी द्रोणिका का असर प्रदेश के मौसम पर पड़ रहा है। इसके चलते एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश, गरज-चमक और वज्रपात की संभावना जताई गई है। साथ ही 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आज दोपहर में पश्चिम दिशा से 22-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। आसमान में बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना बनी रही। शाम के समय तापमान घटकर 35 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। दक्षिण-पश्चिम दिशा से 7-22 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी और आसमान आंशिक रूप से साफ रहेगा। मौसम में संभावित बदलाव के बावजूद फिलहाल गर्मी से राहत सीमित ही रहने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने लोगों को लू और तेज गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## गर्मी में नन्हें बच्चे ने चिड़ियों के लिए रख रहे मिट्टी के बर्तन में पानी

**अंवरी, 28 अप्रैल।** तपती गर्मी के इस मौसम में जहां इंसान ही नहीं बल्कि पक्षी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों ने एक प्रेरणादायक पहल शुरू की है। अनंत और उसके साथियों ने चिड़ियों के लिए सकोरे (मिट्टी के बर्तन) और लकड़ी से बने पात्रों में पानी रखना शुरू किया है।बच्चे रोज़ाना इन पात्रों में साफ पानी भरते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी समय चिड़ियों को प्यासा न रहना पड़े। इतना ही नहीं, वे समय-समय पर इन बर्तनों की निगरानी भी करते हैं और देखते हैं कि चिड़िया आकर पानी पी रही हैं या नहीं। जब चिड़ियों को पानी पीते देखते हैं तो उनके चेहरे पर खुशी साफ झलकती है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन की प्रेरणा से उनके परिवार के बच्चों काव्या और अनंत ने यह पहल की है।इस छोटे से प्रयास ने न केवल पक्षियों को राहत दी है, बल्कि समाज को भी एक बड़ा संदेश दिया है कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता कितनी महत्वपूर्ण है।

# सांसद की पहल से पीएम आवास का सपना हुआ साकार:जयराम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पोंडी, 28 अप्रैल।** ग्राम पंचायत पोंडी में समस्या से जूझ रही एक ग्रामीण महिला को सांसद संतोष पांडेय के प्रयास से समस्या से निजात मिल गई है। ग्राम पोंडी की निवासी शकुंतला नामदेव के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। जिस स्थान पर इनका आवास का निर्माण होना था, वहां बहुत पुराना बिजली का खंभा लगा हुआ था। इसके चलते आवास के निर्माण में रुकावट आ गई थी। हितग्राही शकुंतला नामदेव ने कई स्थानों पर आवेदन देकर उक्त समस्या के निराकरण के लिए मांग किया। लेकिन इनके समस्या का निराकरण नहीं हुआ। इसके बाद महिला हितग्राही ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू को इसकी जानकारी देकर समस्या के निराकरण कराने का आग्रह किया। जयराम साहू ने सांसद संतोष पांडेय को उक्त समस्या से अवगत कराया और शीघ्र समस्या का समाधान कराने का आग्रह किया। सांसद पांडेय के माध्यम से विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों से बात करके बिजली खंभा को ग्रामीण के जमीन से हटाने हेतु निर्देश दिया गया। इसके बाद विभाग द्वारा ग्रामीण के जमीन से बिजली खंभा को हटाया गया। इससे संबंधित ग्रामीण महिला ने राहत की सांस ली। अब ग्रामीण महिला का आवास निर्माण पुनः प्रारंभ हो जाएगा। ग्रामीण महिला शकुंतला नामदेव ने उक्त समस्या का निराकरण कराने के लिए सांसद संतोष पांडेय एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जयराम शाहू का आभार व्यक्त किया है।,साथ, बूथ अध्यक्ष शोभू साहू,दिलीप श्रीवास्तव, सुशील यादव, जितेन साहू, वेद,साहू रवि निषाद, जलेश्वर साहू, राजूदास मानिकपुरी,अमन पाली, नामदेव, व,सभी मोहल्ले वाशी उपस्थित रहा।

## मजदूर की हत्या,आरोपियों की तलाश की जा रही

**भिलाई, 28 अप्रैल।** भिलाई जेवरा-सिरसा चौकी क्षेत्र के करहीडीह शनिवार रात एक मजदूर की निर्मम हत्या के मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है जेवरा-सिरसा पुलिस ने बताया कि नारायण निषाद (40 साल ) मूल रूप से बेरला का रहने वाला था वह पिछले तीन वर्षों से करहीडीह में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था रात में सांस्कृतिक भवन के पास उसका शव लहूलुहान हालत में मिला उसके सिर और चेहरे को भारी पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया गया था पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है

## जन-सुविधा के लिए निगम में पद-आधारित मोबाइल नंबर जारी

**भिलाई, 28 अप्रैल।** नगर निगम ने नागरिकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए पद-आधारित शासकीय मोबाइल नंबर जारी किए हैं। निगम के अनुसार, ये मोबाइल नंबर किसी व्यक्ति विशेष के बजाय संबंधित पद के लिए निर्धारित किए गए हैं। इससे अधिकारी के स्थानांतरण की स्थिति में भी वही नंबर नए पदाधिकारी के पास उपलब्ध रहेगा, जिससे आम जनता को संपर्क करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस व्यवस्था के तहत अब नागरिकों को अधिकारियों के निजी नंबर ढूंढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वे सीधे संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी से संपर्क कर सकेंगे। निगम प्रशासन ने जानकारी दी है कि सफाई, जल प्रदाय, राजस्व, स्वास्थ्य और प्रकाश जैसे महत्वपूर्ण विभागों के प्रभारी अधिकारियों के मोबाइल नंबर 24 घंटे सक्रिय रहेंगे.

## निधन

### अशोक राव तांदुलकर

**भिलाई, 28 अप्रैल।** शिवसेना एवं बीजेपी के नेता रहे समाजसेवी अशोक राव तांदुलकर का सोमवार 27 अप्रैल की रात्रि लगभग 10 बजे निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा आज 28 अप्रैल मंगलवार को सुबह 11 बजे नंदिनी रोड स्थित देना बैंक के पीछे से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गयी। दिवंगत अशोक राव तांदुलकर अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटियों का भरा पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर, शिवसेना के वरिष्ठ नेता राजू गुप्ता, समाजसेवी भानुप्रताप राय सहित अनेक लोगों ने दिवंगत आत्मा को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## एक नजर

### आपदा पीड़ित परिवार को 4लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बलौदाबाजार 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजन ईश्वरी बाई के पति प्यारेलाल डहरिया निवासी ग्राम गबौद तहसील पलारी की मृत्यु सर्पदंश के कारण हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 अप्रैल तक

**बलौदाबाजार 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती 2026-27में जिले के जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है वे 30 अप्रैल 2026 तक प्रशिक्षण हेतु जानकारी दे सकते है. लिंक https://forms.gle/TkmfYaluZdJepl19 में अपना नाम पूर्ण पता भरना है या जिला रोजगार कार्यालय में अपना नाम पता एवं अग्निवीर पंजीयन क्रमांक दर्ज करा सकते हैं।

### आयुक्त ने किया चपरासी रमेश सिंह चौहान को निलंबित

**राजनांदगांव 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम के विद्युत विभाग में कार्यरत भृत्य श्री रमेश सिंह चौहान को बिना अनुमति लम्बे समय तक अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निलंबित करने की कार्यवाही की। विद्युत विभाग में कार्यरत भृत्य श्री रमेश सिंह चौहान बिना बताये अनुपस्थित रहते थे, श्री चौहान के अनुपस्थिति पर विद्युत विभाग द्वारा आयुक्त को 12 दिसम्बर 2025 को प्रतिवेदन भी दिया गया था। जिसके अनुसार माह जनवारी 2026 में 27 दिवस अनुपस्थित, माह फरवरी 2026 में 6 दिवस, माह मार्च 27 दिवस एवं माह अप्रैल में 1 अप्रैल से आज दिनांक तक अपने कार्य/कार्यालय में बिना सूचना/अनुमति के अनुपस्थित पाये गये। जिसके लिए उन्हें आयुक्त द्वारा 10 अप्रैल 2026 को अपने कार्य में उपस्थित होकर 24 घण्टे के अंदर जवाब प्रस्तुत करने पत्र प्रेषित किया गया था। किन्तु श्री चौहान के उपस्थित नही होने एवं नोटिस का जवाब प्रस्तुत नही करने पर आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने विद्युत विभाग जैसे अति आवश्यक सेवा कार्य को प्रभावित करने का दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। निलंबन काल में श्री चौहान का मुख्यालय जल संयंत्र गृह मोहरा नगर पालिक निगम राजनांदगांव होगा। इन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। आयुक्त ने कहा कि अपने कार्य में लापरवाही बरतने वाले किसी भी कर्मचारी को बक्शा नही जावेगा।

### निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत नागरिकों के शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन लेने वार्डो में 30 अप्रैल तक शिविर

**राजनांदगांव 28 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय कामगाज में पारदर्शिता तथा योजनाओ और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अनुक्रम में नगर निगम क्षेत्रांतर्गत आम नागरिको के शिकायत एवं मांग हेतु आवेदन प्राप्त करने नगर निगम द्वारा दिनांक 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के सफल संचालन के लिये निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियो व कर्मचारियो को दायित्व सौपा है। शिविर के वार्डवार नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे मो.नं. 79993 94145, कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके मो.नं. 98271 18810 एवं प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 83197 26288 को बनाया गया है। इसके अलावा सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू मो.नं. 78285 23391 एवं प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा मो. नं. 97705 19619 को सौपा गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि दिनांक 28 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को वार्ड नं. 1,2,3,4,7 व 8 के लिये मोतीपुर स्कूल में, वार्ड नं. 5,6,9,10,11,12 व 13 के लिए शंकरपुर स्कूल मे एवं वार्ड नं. 15,16,17,18,19 व 23 के लिए ठा.प्यारेलाल सिंह स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार दिनांक 29 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को वार्ड नं. 20,21,22,44, व 45 के लिए कमला कालेज में, वार्ड नं. 14,24,25,26,व 27 के लिए स्टेट स्कूल में एवं वार्ड नं. 28,29,30,31 व 32 के लिए लखोली स्कूल सीडीएस भवन में शिविर का आयोजन किया गया है। इसे अलावा दिनांक 30 अप्रैल 2026 दिन गुरूवार को वार्ड नं. 33,34,35 व 36 के लिए लखोली बैगापारा स्कूल में, वार्ड नं. 37,38,39,40 व 48 के लिए दिग्विजय कालेज में, वार्ड नं. 41,42,43 व 46 के लिए बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर में तथा वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिए मोहारा फिल्टर प्लांट में शिविर का आयोजन किया गया है।

### राज्यपाल डेका ने खैरागढ़ विश्वविद्यालय की नई बस को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर, 28 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज लोकभवन में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की नई बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल छात्रों और स्टाफके लिए परिवहन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस वाहन के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कला, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विभिन्न स्थानों तक आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे विद्यार्थियों को अपने प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यह कदम विश्वविद्यालय के सुचारू संचालन और छात्रों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए उठाया गया है। राज्यपाल श्री डेका ने वाहन के सदुपयोग, नियमित रखरखाव और विद्यार्थियों के हित में प्रभावी उपयोग पर बल दिया।

# सदगुरु कबीर आश्रम में मिली 326 वर्ष पुरानी पाण्डुलिपि

■ ज्ञानभारतम एप से किया गया डिजिटल संरक्षण,कलेक्टर ने क़ी जनभागीदारी व सहयोग क़ी अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,28 अप्रैल।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले में व्यापक सर्वेक्षण कार्य संचालित है। इस दौरान के दौरान विकासखंड सिमगा के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा स्थित सदगुरुदेव कबीर आश्रम में सर्वेक्षण के दौरान सन 1700 ईस्वी की लगभग 326 वर्ष पुरानी हस्तलिखित कुल 4 प्राचीन प्राचीन पांडुलिपियाँ प्राप्त हुई, जिनका डिजिटल संरक्षण ÷ज्ञानभारतम÷ एप के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही सोनाखान स्थित संग्रहालय में 10 दिसम्बर 1857 को अंग्रेजी सरकार द्वारा जारी शहीद वीर नारयण सिंह के फांसी के आदेश क़ी पाण्डुलिपि भी प्राप्त हुई है।

इस अभियान के अंतर्गत दामाखेड़ा में पांडुलिपियों का सर्वेक्षण कर उनका डिजिटलीकरण सरपंच क़ी उपस्थिति में पूर्ण किया गया। इन पांडुलिपियों में अनुरागसागर,अम्बूसागर,दीपकसागर एवं ज्ञान प्रकाशशामिल है। इन ग्रंथो को 9 वे आचार्य प्रगट नाम साहब ने लिखा है। ये सभी दुर्लभ पांडुलिपियाँ देवनागरी लिपि में लिखी गई हैं, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं।इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम सिमगा अतुल शेट्टे ने सरपंच क़ी उपस्थिति में दयाशंकर कबीर पंथी का श्रीफल दे कर सम्मानित किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले में व्यापक सर्वेक्षण कार्य संचालित है। इस अभियान अंतर्गत भारत क़ी समृद्ध ज्ञान परम्परा एवं बौद्धिक विकास के साक्ष्य के रूप में प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताम्रपत्र, ताड़पत्र को भावी पीढ़ी के लिये संरक्षित व सुरक्षित किया जा रहा है। आपके पास कोई भी हस्तलिखित प्राचीन ग्रन्थ हो तो उसे सर्वे टीम को जानकारी दें। इस कार्य में ग्रन्थ का केवल फोटो लेकर अपलोड किया जाएगा, मूल प्रति आपके पास ही रहेगा। आप सभी इस राष्ट्रीय अभियान में भागीदारी बने और सहयोग प्रदान करें।

# छत्तीसगढ़ धान का कटोरा होने के साथ-साथ सेवा, समर्पण और आस्था की भूमि : मुख्यमंत्री साय

■ तेंदुवा धाम में श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ



**रायपुर,28 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण स्थित राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुवा धाम कुरियारी में आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा में शामिल हुए। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ आश्रम पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने पद्म विभूषण से सम्मानित जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन भूमि सदैव भगवान श्रीराम के चरणों से धन्य रही है। उन्होंने वनवास काल में भगवान श्रीराम के आगमन और माता शबरी की अद्भुत भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि इस धरती ने आस्था, समर्पण और विश्वास की अनूठी परंपरा को सहेज कर रखा है। उन्होंने कहा कि तेंदुवाधाम आज धार्मिक और सांस्कृतिक जागरण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है, जहां हजारों श्रद्धालु एक साथ श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर को अत्यंत सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि एक ही मंच से अनेक संतों का सान्निध्य और आशीर्वाद प्राप्त होना विशेष अनुभव है। उन्होंने आश्रम परिसर में हरिवंश औषधालय एवं पंचकर्म केंद्र, श्री राम-जानकी मंडपम, हरिवंश वैदिक पाठशाला, मां दुर्गा गौ मंदिर और हनुमत प्रवेश द्वार सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थानों के लोकार्पण पर आश्रम प्रबंधन और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ ÷धान का कटोरा÷ होने के साथ-साथ सेवा, समर्पण और आस्था की भूमि भी है। उन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के दौरान छत्तीसगढ़ से 11 ट्रक चावल और चिकित्सकों की टीम के वहां पहुंचने का उल्लेख करते हुए इसे प्रदेशवासियों की गहरी श्रद्धा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि लगभग 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, जो देश की सांस्कृतिक एकता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला दर्शन योजना के माध्यम से हजारों श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर लाभान्वित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और जवानों के अदम्य साहस से आज प्रदेश से नक्सलवाद समाप्त हो चुका है तथा राज्य में शांति, विकास और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ÷छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया यहां की संस्कृति और जीवन मूल्यों की सच्ची पहचान है। इस अवसर पर परमपूज्य वासुदेवनंद सरस्वती महाराज, किन्नर अखाड़ा प्रमुख मां टीना सहित अनेक संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

राघव सेवा समिति के प्रमुख डॉ. अशोक हरिवंश ने बताया कि यह स्थल माता शबरी की जन्मभूमि शिवरीनारायण में स्थित है, जहां 'कलिंग शैली' में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। आश्रम में औषधालय, वैदिक विद्यालय, गौ मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गीता वाटिका, शबरी रसोई और निर्धन कन्या विवाह जैसी अनेक सामाजिक-धार्मिक पहल संचालित हो रही हैं। कार्यक्रम के तहत विभिन्न वर्गों - दिव्यांगजन, रक्तदाता, कुष्ठ रोगी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों - को समर्पित विशेष दिवस भी आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, महंत श्री रामसुंदर दास सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# किसानों की मेहनत रंग लाई,अधिकारी ने बात मानी

■ मुड़पार सोसायटी में यथावत रहेंगे किसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 28 अप्रैल।** बधियाटोला,रामनगर सहित छिरपानी के सैकड़ों किसानों ने मुरमुंदा चौक स्थित किया चक्काजाम। चिलचिलाती धूप में मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसानों के आव्हान पर सोमवार को दिन 11 बजे से शाम 04 बजे चक्काजाम का आव्हान किया गया था। निर्धारित समय पर किसानों के द्वारा मार्ग अवरुद्ध कर यातायात ठप्प हो गया था। इस दौरान पुलिस प्रशासन सहित सम्बन्धितजिम्मेदार अधिकारीगण हलाकान व परेशान दिखे। आखिरकार डीआर श्री टंडन मौके पर पहुंचकर किसानों को लिखित में आश्वासन दिया कि किसानों की मांग अनुसार बधियाटोला, रामनगर सहित छिरपानी के किसानों को मुड़पार सोसायटी में ही यथावत रखा जाएगा। इस आश्वासन के बाद आक्रोशित किसानों शाम 03 बजे चक्काजाम व धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। जिसके बाद सड़क आवागमन सुचारु रूप से प्रारंभ हो गया। इस आंदोलन में प्रमुख रूप से पूर्व किसान नेता दशरथ सिंह ठाकुर, पत्रकार सोमेश्वर सिन्हा,हरीश भंडारी,विजय राज, खेलू पटेल, अमरचंद निषाद, प्रमोद सायकल स्टोर,संतोष बहेकार, अशोक शेंडे, प्रकाश सेन, घनश्याम सिन्हा, अर्जुन बांधे, सुश्री खेमिन ठाकुर,घनस्याम साहू,छोटे लाल वर्मा,पलटन सिन्हा, गोपाल सिन्हा, चेतन सिन्हा, मंगल साहू,बड़े लाल वर्मा,गुलशन सिन्हा, बबला सिन्हा, संतु सिन्हा,भगवानिक साहू,संतोष चंद्रवंशी, दीप चंद्रवंशी,भारत सिन्हा,मनोज साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# मनरेगा श्रमिकों की ई- केवायसी में छत्तीसगढ़ पूरे देश में अव्वल

**रायपुर 28 अप्रैल।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों के ई-के वाय सी कार्य में छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 97.11 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-के वाय सी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ ने केरलम, त्रिपुरा, मिजोरम जैसे छोटे राज्यों तथा कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों को भी पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ;मनरेगा के तहत श्रमिकों की ई.केवाईसी (द्व-चड्ड्ष्ट) प्रक्रिया को पूरा करने में छत्तीसगढ़ ने देश भर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। प्रदेश में लगभग 56.87 लाख से ज्यादा मजदूरों की डिजिटल वेरिफिकेशन (द्व-चड्ड्ष्ट) पूरी की गई है जो भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। यह डिजिटल प्रक्रिया फर्जी जॉब कार्डों को हटाने और सीधे वास्तविक लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी पहुंचाने में मदद कर रही है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन एवं उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा के सतत नेतृत्व, मॉनिटरिंग और प्रभावी रणनीति का परिणाम है। राज्य में योजनाबद्ध ढंग से अभियान चलाकर ई-के वाय सी की प्रक्रिया को तेज किया गया, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को समयबद्ध रूप से इससे जोड़ा जा सका।

**पहलगाम में एस्टीमेट कमेटी की बैठक में जम्मू-कश्मीर के विकास और बैंकिंग कार्यप्रणाली पर उठाए गए सवाल**

# कौशल विकास और पारंपरिक कारीगरी का संरक्षण जरूरी:सांसद बृजमोहन




**रायपुर 28 अप्रैल।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में प्राक्कलन समिति की एक महत्वपूर्ण अध्ययन यात्रा में शामिल हुए। एमएसएमई और भारी उद्योग क्षेत्र के संवर्धन में बैंकों की भूमिका विषय पर आयोजित इस अनौपचारिक चर्चा में वित्त मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, एसबीआई, जम्मू एवं कश्मीर बैंक और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान श्री अग्रवाल ने प्रदेश के आर्थिक विकास, बैंकिंग सेवाओं की सुस्ती और युवाओं के रोजगार को लेकर केंद्र व राज्य प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखी। बैठक के दौरान सांसद बृजमोहन ने धारा 370 हटने के बाद की प्रगति का विश्लेषण करते हुए कई प्रश्न उठाए।

सांसद श्री अग्रवाल ने सवाल उठाया कि, वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2025-26 में ऋण वितरण में कमी क्यों आई है? उन्होंने बैंकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुद्रा और स्वनिधि जैसी योजनाओं में कागजी रजिस्ट्रेशन तो हो रहे हैं, लेकिन धरातल पर पैसा पहुंचने की गति अत्यंत धीमी है। उन्होंने बैंकों से ?5 लाख, ?10 लाख और ?20 लाख के ऋणों का अलग-अलग विवरण मांगा ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तव में कितने लोगों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

श्री अग्रवाल ने स्थानीय युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, हमारी पारंपरिक कारीगरी दम तोड़ रही है। बड़े लोग इस क्षेत्र पर कब्जा कर रहे हैं और छोटे कारीगर पिछड़ रहे हैं। उन्होंने विभाग से पूछा कि पारंपरिक कला को जीवित रखने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौन सी नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

सांसद ने कहा कि केवल खेती से आर्थिक स्थिति नहीं सुधरेगी। जम्मू-कश्मीर में फलों और सब्जियों की प्रचुरता है, लेकिन प्रोसेसिंग यूनिट्स की कमी है। उन्होंने एसबीआई, जेके बैंक और उद्योग विभाग से पूछा कि वे राज्य की विशिष्ट संपदा को प्रोसेस कर वैल्यू एडिशन करने के लिए क्या ठोस कदम उठा रहे हैं।

बृजमोहन जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा, ÷धारा 370 खत्म होने और आतंकवाद पर लगाम लगने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती यहां के लोगों को देश की मुख्यधारा के साथ एकात्म करना है।÷ उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ऐसी योजनाएं बनाएं जिससे युवाओं और महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके। उन्होंने हिमाचल की तर्ज पर जम्मू-कश्मीर में बड़े हाइड्रो पावर प्लांट लगाने और बड़े उद्योगों की संभावनाओं पर विचार करने का सुझाव दिया।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 13,000 रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद कम वितरण पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने समिति के चेयरमैन (जो स्वयं कश्मीर से हैं) के समक्ष प्रस्ताव रखा कि एमएसएमई के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए एक विशेष रोडमैप तैयार किया जाना चाहिए। श्री बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बैंक और विभाग मिलकर जम्मू-कश्मीर के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाएं। जब तक हम युवाओं को स्किल और रोजगार से नहीं जोड़ेंगे, तब तक विकास की परिकल्पना अधूरी है।

# सिख समर वेकेशन गेम्स एंड गुरुमत एक्टिविटी का समापन





**रायपुर 28 अप्रैल।** खालसा स्कूल प्रांगण में गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सिख समर वेकेशन गेम्स एंड गुरुमत एक्टिविटी का समापन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कई दिनों तक चले इस आयोजन में बच्चों, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसने पूरे परिसर को ऊर्जा और उमंग से भर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट रहा, जिसमें कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके साथ ही महिला क्रिकेट के फ्रेंडली मैच भी आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में केवल खेल ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गुरुमत एवं रचनात्मक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। छोटे बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, गुरुमत क्विज, तथा अन्य ज्ञानवर्धक और मनोरंजक गतिविधियाँ लगातार संचालित होती रहीं, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ी।

इस सफल आयोजन के पीछे गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष स. परमजीत सिंह एवं सभी सदस्यों, सिख एज्युकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष स हरजीत सिंह अरोरा एवं समस्त पदाधिकारी ,स्त्री सत्संग सभा,स्त्री सिमरनी जत्था तथा समूह साध संगत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन बनाने में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित संगत का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया, ताकि नई पीढ़ी को गुरुमत, खेल एवं संस्कारों से जोड़ा जा सके।

# रामाटोला शादी समारोह में देर रात हुई चाकूबाजी, युवक की मौत, गांव में तनाव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 28 अप्रैल।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रामाटोला में रविवार देर रात करीब 9 बजे एक शादी समारोह के दौरान पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि चाकूबाजी की घटना में एक स्थानीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। मृतक की पहचान रामाटोला निवासी 20 वर्षीय योमिश सिन्हा (पिता मगलेश सिन्हा) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ माह पूर्व खैरागढ़ के ग्राम सांखरा में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान योमिश का कुछ युवकों से विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश के चलते रविवार रात रामाटोला में चल रहे विवाह कार्यक्रम में आरोपियों ने उसे घेर लिया। बताया जा रहा है कि पहले युवक के साथ मारपीट की गई और इसके बाद चाकू से हमला कर दिया गया। गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके साथी 23 वर्षीय युवराज यादव और 20 वर्षीय सिम्पू देवांगन को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। वही सूचना मिलते ही पुलिस देर रात मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक गांव में हंगामे की स्थिति बन चुकी थी। हत्या की खबर फैलते ही पूरे गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। सोमवार को स्थानीय लोगों में आक्रोश के बीच भारी पुलिस बल की तैनाती में मृतक का डोंगरगढ़ में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद गांव में ही अंतिम यात्रा निकाली गई। स्थिति को देखते हुए एहतियातन 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था , ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था और पढ़ाई के साथ-साथ डोंगरगढ़ में बिजली का काम सीख रहा था। उसके पिता रामाटोला हाईस्कूल में सफाई कर्मचारी होने के साथ सब्जी का व्यवसाय भी करते हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर राज्य भर में होंगे विशेष कार्यक्रम, राज्यपाल डेका ने दिए निर्देश

**रायपुर, 28 अप्रैल।** राज्यपाल श्री रमेन ने कहा कि रेडक्रॉस के मानव सेवा कार्यो का प्रचार-प्रसार जन-जन तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान को गति देना आवश्यक है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों एवं विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाए। श्री डेका ने 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्य एवं जिला शाखाओं में वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री टोमन साहू ने मुलाकात की। इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों, सदस्यता अभियान तथा आगामी विश्व रेडक्रॉस दिवस के आयोजन के संबंध में राज्यपाल द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। श्री डेका ने 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

# पार्टी टूटती है जब नेता तानाशाह हो जाता है

देश में बहुत कम राजनीतिक दल हैं जो किसी आंदोलन के कारण बने हैं। आम आदमी पार्टी एक ऐसा ही राजनीतिक दल है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में हुए आंदोलन से बना। कांग्रेस के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दे को ईमानदार नेता अन्ना हजारे ने उठाया और देश में परिवर्तन की लहर पैदा की। इस परिवर्तन की लहर के चलते कांग्रेस सत्ता से हटाई गई और पीएम मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार बनी जैसी सरकार बरसों से जनता चाहती थी लेकिन वह बन नहीं पाती थी, वह गिर जाती थी या गिरा दी जाती थे।अन्ना हजारे के आंदोलन के चलते बहुत सारे नेता एकत्र हुए और अन्ना हजारे के न चाहने पर भी आम आदमी पार्टी के रूप में एक राजनीतिक दल बनाया गया। आम आदमी पार्टी को सही मायने में अच्छे नेताओं ने मिलकर बनाया था।इसके सारे अच्छे नेताओं को एक एक कर अरविंद केजरीवाल ने पार्टी से निकालकर या पार्टी छोड़ने को मजबूर कर आप पर कब्जा कर लिया। जब किसी पार्टी पर एक नेता या कुछ नेताओं का कब्जा हो जाता है तो वही होता है जो आप में हो रहा है। या तो नेता पार्टी के नेताओं को पार्टी से निकालता है या पार्टी के नेता खुद ही पार्टी छोड़कर चले जाते हैं।सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस हैं, कांग्रेस में एक परिवार का कब्जा है इसलिए कई बड़े नेता पार्टी छोड़ने को मजबूर कर दिये जाते हैं और शरद पवार व ममता बैनर्जी जैसे लोग कांग्रेस से अलग होकर अपनी पार्टी बना लेते हैं।जब भी किसी राजनीतिक पर एक नेता या कुछ नेताओं का कब्जा हो जाता है वह चाहते हैं कि लोग वही करें जो वह चाहते हैं। वह वही करें जो वह कहते हैं, वह वही कहें जो वह कहने को कहते हैं। पार्टी पर कब्जा कर खुद को सबसे शक्तिशाली नेता समझने वाले लोग भूल जाते हैं कि पार्टी तब ही मजबूत होती है जब उसमें बहुत सारे मजबूत नेता होते है। अरविंद केजरीवाल बातें को बहुत बड़ी बड़ी करते हैं लेकिन हकीकत में वह दूसरे परिवारवादी दलो के नेताओं की तरह ही है यानी पार्टी के लोग वही करें जो मै कहता है, वहीं करें जो मैं करने को कहता हूं। मैं मोदी व भाजपा का विरोध कर रहा हैं सबको भाजपा व मोदी को विरोध करना है और सिर्फ यही करना है।किसी भी पार्टी में जो समझदार नेता होते हैं वह तानाशाही सहन नहीं कर पाते हैं। राघव चड्डा आप के ऐसे नेता हैं जिनकी अपनी छवि जनता के मुद्दे उठाने नेता की हैं और उन्होंने संसद के पिछले एक दो सत्र में जनता के मुद्दे उठाए और उनकी देश में वाहवाही भी हुए कि वह आप के दूसरे नेताओं जैसे नहीं है,वह जनता के नेता है, जनता के मुद्दे उठाते हैं।ऐसी छवि आप के किसी नेता को बने यह केजरीवाल को पसंद आ ही नहीं सकता था क्योंकि केजरीवाल को वहम है कि आप में वही एक नेता ऐसे हैं जो जनता के मुद्दे उठाता है। राघव चड्डा से आप मे रहते हुए यह गलती हो गई कि उन्होंने खुद को केजरीवाल से बेहतर नेता बताने की कोशिश की और उनको ऐसा नेता माना गया तो केजरीवाल को लगा होगा कि यह तो मेरी बराबरी कर रहा है यानी जनता का नेता बनने की कोशिश कर रहा है। इसलिए राघव चड्डा को राज्यसभा में पहले पार्टी के उपनेता पद से हटाया गया और बता दिया गया कि पार्टी में अब उनकी वह जगह नहीं है जो अब तक थी।इसके बाद केजरीवाल का अगला कदम होता कि उनको किसी बहाने से पार्टी से निकाल दिया जाता। इससे पहेल की केजरीवाल राघव चड्डा को पार्टी से निकालते राघव चड्डा ने केजरीवाल को ऐसा सबक सिखाया है जो और कोई नेता नहीं सिखा पाया।राघव चड्डा आप के छह राज्यसभा सांसदों के साथ अलग होकर भाजपा में शामिल हो गए। यह तो केजरीवाल को जख्म देकर उस पर नमक छिड़कने जैसा काम हो गया। राघव चड्डा पार्टी से अलग हो जाते यह केजरीवाल के लिए छोडा झटका होता क्योंकि वह उनको खुद ही देरसबेर पार्टी से निकालते ही क्योंकि जो कोई नेता भी खुद को केजरीवाल से बेहतर बताने या जताने को कोशिश करता है, केजरीवाल उसे पार्टी में रहने नहीं देते हैं। राघव चड्डा खुद तो भाजपा में गए और साथ में छह और लोगों को भी ले गए। यानी दिल्ली पंजाब में भाजपा को ऐसे नेताओं की जरूरत थी जो केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली,पंजाब में कुछ बोले तो लोगों को यह लगे कि वह सच कह रहे है।दिल्ली से केजरीवाल को उखाड़ने के बाद उनकी जड़े पंजाब मे खोदी जाएंगी और इस काम में राघव चड्डा आदि नेताओं का उपयोग किया जाएगा।पंजाब में वैसे ही भाजपा को नेताओं की जरूरत है अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए। राघव चड्डा ने भाजपा मे शामिल होकर यह काम कुछ आसान कर दिया है।

राजनीति

# राघव का घातक वार और सात सांसदों की बगावत से हिल गया 'आप' का राज्यसभा किला

**अजय कुमार,**



भारतीय राजनीति के फलक पर 2 अप्रैल 2026 को जो चिंगारी सुलगनी शुरू हुई थी, उसने 22 दिनों के भीतर एक ऐसी सियासी आग का रूप ले लिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल की 'आम आदमी पार्टी' का राज्यसभा वाला किला लगभग ढह चुका है। यह महज कुछ सांसदों का दल-बदल नहीं है, बल्कि उस भरोसे और विचारधारा की सामूहिक हत्या है, जिसके दम पर एक दशक पहले अन्ना आंदोलन की कोख से यह पार्टी जन्मी थी। राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर रहे राघव चड्ढा की अगुवाई में सात सांसदों का एक साथ पाला बदलना दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सियासत में वो भूकंप है, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। "मैं घायल हूं, इसलिए घातक हूं" और "मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना" जैसे फिल्मी लगने वाले राघव के संवादों ने शुक्रवार को तब हकीकत का जामा पहन लिया, जब उन्होंने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा का दामन थामने का एलान किया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में किसी भी क्षेत्रीय दल के लिए संभवतः सबसे बड़ा और संगठित विद्रोह है।

इस पूरे घटनाक्रम की पटकथा उस दिन लिख दी गई थी जब राघव चड्ढा को अचानक राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हाथ धोना पड़ा था। पार्टी ने अंदरूनी तौर पर उन पर निष्क्रियता और गतिविधियों से दूरी बनाने के आरोप मढ़े थे, लेकिन राघव के तेवर बता रहे थे कि वे किसी बड़े 'ऑपरेशन' की तैयारी में हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस बगावत में संदीप पाठक का नाम शामिल होना केजरीवाल के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत झटका है। पाठक वही शख्स हैं जिन्हें 'आप' का चाणक्य कहा जाता था, जिन्होंने पंजाब की सत्ता की चाबी केजरीवाल के हाथ में सौंपी और पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने के लिए पर्दे के पीछे से संगठन की मशीनरी तैयार की। जब संगठन का वास्तुकार ही इमारत ढहाने पर आमादा हो जाए, तो नेतृत्व की विफलता पर सवाल उठना लाजिमी है। इसके साथ ही स्वाति मालीवाल की भूमिका ने इस आग में घी का काम किया है। बिभव कुमार मामले के बाद जिस तरह स्वाति को अपनी ही पार्टी में अपमान और अलगाव का सामना करना पड़ा, उन्होंने उसे अपनी निजी अदावत बना लिया। आज जब वे राघव के साथ सुर में सुर मिला रही हैं, तो यह साफ है कि 'आप' के भीतर महिलाओं के सम्मान और आंतरिक लोकतंत्र को लेकर जो दावे किए जाते थे, उनकी कलई खुल चुकी है। तकनीकी तौर पर देखें तो यह बगावत बहुत ही सधे हुए कानूनी दांव-पेच के साथ की गई है। राज्यसभा में 'आप' के कुल 10 सांसद थे, जिनमें से 7 का एक साथ अलग होना दल-बदल विरोधी कानून (एन्टी डिफेक्शन लॉ) के तहत अयोग्यता की तलवार को कुंद कर देता है। दो-तिहाई की यह संख्या राघव चड्ढा की उस रणनीतिक कुशलता को दर्शाती है,



जिसका लोहा कभी खुद केजरीवाल मानते थे। राघव का यह कहना कि वे "गलत पार्टी में सही व्यक्ति" थे, न केवल केजरीवाल के नेतृत्व पर सीधा प्रहार है, बल्कि उन लाखों कार्यकर्ताओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का सपना लेकर इस पार्टी से जुड़े थे। जिस पार्टी ने 15 साल तक संघर्ष किया, उसका इस तरह ताश के पत्तों की तरह बिखरना यह बताता है कि सत्ता के गलियारों में पहुंचते ही 'आम' और 'खास' की लकीर धुंधली पड़ गई। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतृत्व और जेल से सरकार चलाने की जिद ने शायद उन नेताओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो अब तक वफादारी का दम भर रहे थे।

पंजाब की सियासत के लिहाज से यह घटनाक्रम किसी सुनामी से कम नहीं है। बागी होने वाले सात में से छह सांसद पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए यह स्थिति बेहद असहज है, क्योंकि राघव चड्ढा को कभी पंजाब सरकार का 'रिमोट कंट्रोल' कहा जाता था। मान और चड्ढा के बीच का शीतयुद्ध जगजाहिर था, लेकिन अब यह आमने-सामने की जंग में बदल चुका है। भाजपा ने इन चेहरों को अपने पाले में कर न केवल राज्यसभा में अपनी ताकत 148 तक पहुंचा दी है, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी एक मजबूत बिसात बिछा दी है। भाजपा, जो पंजाब में लंबे समय से एक मजबूत 'सिख चेहरे' और संगठन की तलाश में थी, उसे अब हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और विक्रमजीत सिंह साहनी जैसे रसूखदार लोगों का साथ मिल गया है। यह 'मिशन पंजाब' की वो शुरुआत है जिसने अरविंद केजरीवाल के राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को फिलहाल दिल्ली और पंजाब की सीमाओं में ही कैद कर दिया है। संजय सिंह और अन्य 'आप' नेता इसे 'ऑपरेशन लोटस' और केंद्रीय एजेंसियों का डर बताकर जनता की सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या केवल डर के दम पर इतने बड़े स्तर पर बगावत संभव है? अन्ना हजारे की उस टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जिसमें उन्होंने कहा कि जब स्वार्थ समाज और देश से ऊपर हो जाता है, तो संगठन टूट जाते हैं। यह केजरीवाल की उस कार्यशैली का भी परिणाम है जिसमें उन्होंने धीरे-धीरे उन सभी पुराने चेहरों को किनारे कर दिया जिन्होंने उनके साथ धूल फांकी थी। योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास और अब राघव-संदीप की यह फेहरिस्त बताती है कि पार्टी में असहमति के लिए कोई जगह नहीं बची है। स्वाति मालीवाल का यह आरोप कि उन्हें मुख्यमंत्री के घर पर पीटा गया और फिर उन्हें ही बदनाम करने की कोशिश की गई, पार्टी की नैतिक साख पर वो धब्बा है जो शायद ही कभी धुल पाए।

राज्यसभा सचिवालय में अब कानूनी लड़ाई शुरू होगी, सदस्यता रद्द करने की याचिकाएं डाली जाएंगी और मामला कोर्ट तक जाएगा। लेकिन राजनीति में जो धारणा (परसेप्शन) एक बार बन जाती है, उसे बदलना मुश्किल होता है। जनता के बीच अब यह संदेश जा चुका है कि जो पार्टी दूसरों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटती थी, उसके अपने घर में ही भारी अविश्वास का माहौल है। गुजरात निकाय चुनाव से ठीक पहले पार्टी के सोशल मीडिया पेजों का सस्पेंड होना और सांसदों का सामूहिक पलायन, 'आप' के लिए किसी 'परफेक्ट स्टॉर्म' जैसा है। केजरीवाल जो खुद को नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर पेश कर रहे थे, आज अपने सबसे भरोसेमंद सिपहसालारों को ही भाजपा के पाले में जाते हुए देखने को मजबूर हैं। यह पतन की शुरुआत है या फिर कोई नया सबक, यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि 'झाड़ू' की तीलियां बिखर चुकी हैं और उन्हें समेटना अब केजरीवाल के बस की बात नहीं लग रही। भारतीय राजनीति का यह शुक्रवार 'आम आदमी पार्टी' के इतिहास में हमेशा एक ऐसे मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जहां से वापसी का रास्ता बहुत धुंधला नजर आता है।

# आज का राशिफल

**मेष** -शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा लेकिन थोड़ा डिस्टर्बेंस रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है, प्रेम की स्थिति बहुत अच्छी, संतान की स्थिति बहुत अच्छी और व्यापार भी आपका अच्छा है। हरी वस्तु का दान करना आपके लिए शुभ होगा।

**वृषभ** -भावनाओं पर काबू करके काम करना पड़ेगा। महत्वपूर्ण निर्णय थोड़ा सोच-समझकर लेना होगा। प्रेम में तू-तू मैं-मैं की स्थिति है, संतान को लेकर मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा है और व्यापार भी अच्छा है। अपने पास हरी वस्तु रखें।

**मिथुन** भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी, भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी का योग बनेगा। स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम और संतान की स्थिति थोड़ी दूरी वाली रहेगी। व्यापार अच्छा है, लेकिन कलह से बचें क्योंकि गृह-कलह के संकेत हैं।

**कर्क** पराक्रम रंग लाएगा, व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी और स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम और संतान अभी मध्यम है, लाल वस्तु पास रखें।

**सिंह** धनदायक समय है, अपनों और कुटुंबों की संख्या बढ़ेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा, प्रेम-संतान और व्यापार की स्थिति अच्छी है। सूर्य को जल देना शुभ होगा।

कन्या सौम्यता बढ़ेगी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा और प्रेम-संतान का भरपूर सहयोग मिलेगा, व्यापार भी अच्छा रहेगा। तांबे की वस्तु दान करना शुभ होगा।

**तुला** मानसिक परेशानी बनी रहेगी, अज्ञात भय सताएगा और डर का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य, प्रेम-संतान और व्यापार सब अच्छा है, लेकिन बेवजह मन चिंतित रहेगा। हरी वस्तु पास रखें।

वृश्चिक आय के नए स्रोत बनेंगे और पुराने स्रोत से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा, लेकिन प्रेम-संतान और व्यापार बहुत अच्छा है। हरी वस्तु दान करना शुभ होगा।

धनु आपके लिए कोर्ट-कचहरी के मामलों में विजय मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य की स्थिति ठीक है, लेकिन प्रेम और संतान का पक्ष मध्यम बना हुआ है। व्यापारिक दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आज भगवान गणेश को प्रणाम करना आपके लिए अत्यंत शुभ होगा।

मकर आपका भाग्य साथ देगा और यात्रा के सुखद योग बनेंगे। रोजी-रोजगार में तरक्की की संभावना है। स्वास्थ्य में सुधार होगा और प्रेम व संतान का भरपूर साथ मिलेगा। व्यापार बहुत अच्छा चलेगा। माँ काली को प्रणाम करना आपके लिए शुभ रहेगा।

कुंभ आज परिस्थितियां थोड़ी प्रतिकूल रह सकती हैं, इसलिए सावधानी बरतें। चोट-चपेट लगने या किसी परेशानी में पड़ने की आशंका है, अतः अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। हालाँकि, प्रेम, संतान और व्यापार की स्थिति बहुत अच्छी रहने वाली है। अपने पास कोई हरी वस्तु रखना आपके लिए लाभकारी होगा।

मीन आपको जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है। स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा और प्रेम, संतान व व्यापार की स्थिति भी काफी अच्छी बनी हुई है। भगवान गणेश की आराधना करना आपके लिए मंगलकारी सिद्ध होगा।

व्यंग्य

# जहां थे वहीं हैं

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर सन्नाटा इतना गहरा था कि अगर कोई सिक्का गिरता, तो उसकी खनक से आधे शहर की नींद खुल जाती। पर यहाँ सिक्का नहीं, सिर्फ उम्मीदें गिर रही थीं—चुपचाप, बिना किसी शोर के।प्लेटफॉर्म की उस उखड़ी हुई बेंच पर, जिसकी लकड़ी अब याददाश्त खो चुकी थी, तीन लोग बैठे थे। एक वह जो पिछले दस साल से सरकारी परीक्षा के रिज़ल्ट का इंतज़ार कर रहा था, दूसरा वह जो रिटायरमेंट के बाद अपनी रुकी हुई पेंशन की फ़ाइल ढूँढ रहा था, और तीसरा मैं, जो बस यह देखने आया था कि इंतज़ार आखिर दिखता कैसा है।तभी एनाउंसमेंट हुआ, "यात्री गण कृपया ध्यान दें! गाड़ी संख्या 420, 'अच्छे दिन एक्सप्रेस' अपने निर्धारित समय से चौदह साल की देरी से चल रही है। असुविधा के लिए हमें खेद नहीं है, क्योंकि हमें आदत है।"

रिटायरमेंट वाले बाबूजी ने अपनी धुंधली ऐनक साफ़ की और बोले, "बेटा, इस स्टेशन की सबसे बड़ी खूबी यही है। यहाँ ट्रेन आए न आए, घोषणाएँ बड़ी सुरीली होती हैं। सुनकर लगता है कि बस अगले ही पल सब ठीक हो जाएगा।"

मैंने पूछा, "तो आप घर क्यों नहीं जाते?"

उन्होंने एक फीकी मुस्कान के साथ कहा, "घर जाकर क्या करूँगा? वहाँ बीवी पूछती है कि क्या लाए? यहाँ कम से कम यह भ्रम तो रहता है कि कुछ आने वाला है। भ्रम, बेटा, इस देश का सबसे बड़ा ऑक्सीजन सिलिंडर है।"

तभी स्टेशन मास्टर की मेज पर पड़ा लाल झंडा हरे झंडे से फुसफुसाया, "भाई, तू थक नहीं जाता? दिन भर लहराता रहता है, जैसे सच में कोई क्रांति आने वाली हो।"

हरा झंडा थोड़ा और तनकर लहराया और बोला, "मेरा काम क्रांति लाना नहीं, झुनझुना बजाना है। जब तक मैं हिलता रहूँगा, तब तक यह भीड़ शांत रहेगी। जिस दिन मैं स्थिर हो गया, उस दिन ये लोग इंजन ढूँढने लगेंगे। और इंजन तो कब का कबाड़ में बिक चुका है।"

प्लेटफॉर्म के आखिरी छोर पर एक चाय वाला कोयले की राख से अपना हाथ पोंछ रहा था। उसकी केतली खाली थी, पर आग जल रही थी। मैंने पास जाकर पूछा, "चाय मिलेगी?"

उसने बिना ऊपर देखे कहा, "चाय तो खत्म हो गई साहब, बस भाप बची है। पीनी है तो बताइए, आजकल शहर में भाप की ही सबसे ज्यादा मांग है। कोई आश्वासन की भाप पी रहा है, कोई विकास की।"

अचानक दूर से एक लाइट चमकी। भीड़ में थोड़ी हलचल हुई। लोग अपने झोले उठाकर खड़े हो गए। धूल उड़ी, शोर बढ़ा, और एक बहुत बड़ा लोहे का ढांचा तेज़ी से प्लेटफॉर्म को चीरता हुआ निकल गया। वह ट्रेन नहीं थी, सिर्फ एक खाली मालगाड़ी थी जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था—कल ने कल से कहा तुम्हारा कल, कल की तरह होगा'।

भीड़ फिर से बेंचों पर बैठ गई। धूल जम गई।

पेंशन वाले बाबूजी ने अपनी लाठी उठाई और चलने लगे। मैंने पूछा, "अब कहाँ?"

उन्होंने जवाब दिया, "अगले स्टेशन। सुना है वहाँ की घोषणाएँ और भी मधुर हैं। कम से कम मरते दम तक संगीत तो अच्छा मिलता रहे।"

मैं वहीं खड़ा रहा। स्टेशन की घड़ी की सुइयाँ अब भी वहीं थीं जहाँ मैं आया था। ऐसा लगा मानो समय चल नहीं रहा, बस अपनी जगह पर कदमताल कर रहा है ताकि हमें लगे कि हम कहीं पहुँच रहे हैं।

# तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी असंतोषजनक

**संजीव ठाकुर**



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई आज केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक संरचनाओं, आर्थिक अवसरों और शक्ति संतुलन को पुनर्परिभाषित करने वाला परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। इस परिवर्तन के केंद्र में यदि किसी वर्ग के लिए सर्वाधिक संभावनाएँ छिपी हैं तो वह है महिला वर्ग, क्योंकि सदियों से अवसरों की असमानता, संसाधनों तक सीमित पहुँच और निर्णय-निर्माण में कम भागीदारी जैसी बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए एआई एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नया इम्पैक्ट लेकर आया है।

विश्व स्तर पर उपलब्ध नवीन आँकड़े यह संकेत देते हैं कि तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अभी भी संतोषजनक नहीं है, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार एआई से जुड़े कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 28 से 30 प्रतिशत के बीच है, जबकि नेतृत्वकारी भूमिकाओं में यह प्रतिशत और भी कम हो जाता है, भारत में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत एआई पेशेवर महिलाएँ हैं, परंतु यदि प्रशिक्षण, डिजिटल पहुँच और नीतिगत समर्थन को व्यापक बनाया जाए तो 2027 तक इस संख्या के चार गुना तक बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है। यह आँकड़ा केवल सांख्यिकीय वृद्धि का संकेत नहीं बल्कि सामाजिक शक्ति संतुलन में संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। एआई इम्पैक्ट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

जहाँ पारंपरिक लैंगिक पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम प्रभावी होते हैं। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल ट्यूटर, एआई-आधारित भाषा अनुवाद उपकरण और कोडिंग सिमुलेटर उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं जो भौगोलिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुँच पाती थीं। इस संदर्भ मे यूनेस्को ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि एआई को समावेशी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया जाए तो यह महिलाओं की कार्यभागीदारी और नेतृत्व क्षमता को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा सकता है, इसी प्रकार डिजिटल ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्टों में उल्लेख किया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में लैंगिक समानता सुनिश्चित करना वैश्विक विकास की अनिवार्य शर्त है।

एआई इम्पैक्ट का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम कार्यस्थल पर महिलाओं की आवाज़ को सशक्त करना है। मीटिंग एनालिटिक्स कंपनी की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि एआई-सहायता प्राप्त वर्चुअल मीटिंग टूल्स के उपयोग से महिलाएँ औसतन 9 प्रतिशत अधिक बोलती हैं, क्योंकि एआई आधारित नोट-टेकिंग और समय प्रबंधन उपकरण उन्हें बिना बाधा अपनी बात रखने का अवसर देते हैं। यह परिवर्तन प्रतीकात्मक नहीं बल्कि संरचनात्मक है, क्योंकि निति-निर्माण में आवाज़ की उपस्थिति ही शक्ति का पहला चरण होती है। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में एआई इम्पैक्ट का एक और आयाम उभर कर आया है जहाँ डिजिटल सखी, एआई चैटबॉट और स्मार्ट कृषि सलाह प्लेटफॉर्म महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएँ अब एआई आधारित बाजार विश्लेषण, मूल्य पूर्वानुमान और ग्राहक पहुँच टूल्स का उपयोग कर अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचा पा रही हैं इससे आय में वृद्धि के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। यह आर्थिक सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में रूपांतरित हो रहा है; स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई इम्पैक्ट और भी गहरा है। मातृ स्वास्थ्य निगरानी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट और प्रारंभिक रोग पहचान प्रणाली ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रही हैं, जहाँ पहले विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहुँच कठिन थी वहाँ अब मोबाइल आधारित एआई समाधान प्राथमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं। इससे स्वास्थ्य असमानताओं में कमी आने की संभावना है; किंतु एआई का यह सकारात्मक पक्ष तभी स्थायी होगा जब इसके नकारात्मक आयामों को भी गंभीरता से समझा जाए, अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि लगभग 40 प्रतिशत एआई मॉडल किसी न किसी रूप में लैंगिक पूर्वाग्रह से प्रभावित होते हैं, यदि प्रशिक्षण डेटा असंतुलित है तो निर्णय भी असंतुलित होंगे, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ से संबद्ध एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि डिजिटल हिंसा, डीपफेक और ऑनलाइन उत्पीड़न की घटनाएँ महिलाओं को प्रभावित कर रही हैं। अनुमान है विश्व की लगभग 38 प्रतिशत महिलाएँ किसी न किसी रूप में ऑनलाइन हिंसा का अनुभव कर चुकी हैं। अतः एआई इम्पैक्ट को सकारात्मक बनाए रखने के लिए सख्त डेटा नैतिकता, एल्गोरिथमिक पारदर्शिता और लैंगिक संवेदनशील नीति ढाँचा अत्यंत आवश्यक है।एआई महिलाओं के लिए केवल नौकरी का साधन नहीं बल्कि नेतृत्व का माध्यम भी बन सकता है । डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ा सकती है जिससे महिलाओं की भागीदारी मजबूत हो, जब निर्णय तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित होंगे तो पूर्वाग्रहों की गुंजाइश घटेगी, इसके अतिरिक्त फ्रीलांसिंग, कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग, एआई ट्रेनिंग और माइक्रो-टास्किंग जैसे नए क्षेत्रों ने उन महिलाओं को भी आर्थिक स्वतंत्रता दी है जो पारंपरिक नौकरी संरचना में शामिल नहीं हो पाती थीं।

यह लचीला कार्य-मॉडल मातृत्व और पारिवारिक दायित्वों के साथ संतुलन बनाने में सहायक है। एआई इम्पैक्ट का मनोवैज्ञानिक पहलू भी उल्लेखनीय है, जब महिलाएँ तकनीक की उपभोक्ता मात्र न रहकर उसकी निर्माता और नवोन्मेषक बनती हैं तो आत्मविश्वास और पहचान दोनों का विस्तार होता है, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में महिला सहभागिता बढ़ाने के प्रयास यह संकेत देते हैं कि आने वाले दशक में एआई क्षेत्र में महिला नेतृत्व की नई पीढ़ी उभरेगी; निष्कर्षतः एआई एक दोधारी तलवार अवश्य है परंतु यदि इसे समावेशी नीति, लैंगिक संतुलन, डिजिटल साक्षरता और नैतिक नियमन के साथ आगे बढ़ाया जाए तो इसका इम्पैक्ट महिलाओं के लिए ऐतिहासिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है, यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक, बौद्धिक और राजनीतिक शक्ति संतुलन का परिवर्तन होगा, जहाँ महिला केवल भागीदार नहीं बल्कि निर्णयकर्ता, निर्माता और नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित होगी, और यही एआई की वास्तविक सफलता होगी कि वह तकनीक को मानवता और समानता की दिशा में प्रयुक्त करे, क्योंकि जब महिला सशक्त होती है तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है तो राष्ट्र प्रगतिशील बनता है।

## सू- दोकू क्र.022

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.021 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -022

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 021 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | ताँ | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# बैलाडीला के जंगल में लगी भीषण आग,हजारों पेड़-पौधे हो रहे राख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़, 28 अप्रैल।** जिले के लौहनगरी बचेली-बैलाडीला क्षेत्र में इन दिनों जंगलों में आग ने विकराल रूप ले लिया है गर्मी के इस मौसम में जहां हर साल आग की घटनाएं सामने आती हैं, वहीं इस बार हालात और भी चिंताजनक नजर आ रहे हैं। बैलाडीला की पहाड़ियों से लेकर किरंदुल- बचेली मार्ग और भाँसी मार्ग के घने जंगल तक आग की लपटें फैल चुकी हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई दिनों से लगातार जंगलों में आग लगी हुई है, जिससे हजारों पेड़-पौधे जलकर राख हो रहे हैं। नए अंकुरित पौधे, दुर्लभ जड़ी-बूटियां और वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास तेजी से नष्ट हो रहा है। जंगलों से उठता धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा है, लेकिन स्थिति को काबू करने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे।ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की ओर से न तो समय पर आग बुझाने की पर्याप्त व्यवस्था दिखाई दे रही है और न ही कोई प्रभावी रोकथाम के उपाय। सवाल उठ रहे हैं कि क्या विभाग के पास संसाधनों की कमी है, या फिर लापरवाही के चलते यह हालात बने हुए हैं?विशेषज्ञों के मुताबिक, जंगलों में इस तरह की आग केवल पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के जल स्रोतों, जैव विविधता और स्थानीय आजीविका पर भी गंभीर असर डालती है। आग के कारण मिट्टी की उर्वरता घटती है और आने वाले वर्षों में इसका दुष्प्रभाव और गहराता नजर आ रहीं है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि दंतेवाड़ा जैसे वन समृद्ध क्षेत्र में यदि समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह आग और भी बड़े इलाके को अपनी चपेट में ले सकती है।

अब सवाल यह उठता है किक्या वन विभाग के पास आग से निपटने के पर्याप्त संसाधन नहीं हैं? क्या फायर लाइन, वॉच टावर और त्वरित प्रतिक्रिया टीम केवल कागजों तक सीमित हैं? या फिर हर साल की तरह इस बार भी जंगलों को जलने के लिए छोड़ दिया गया है ? स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि इस भीषण आग पर काबू पाया जा सके और जंगलों की बची-खुची हरियाली को बचाया जा सके।

## एक नजर

### 286 अवैध नल कनेक्शन चिन्हित, 82 अवैध काटे, कनेक्शन वैध कराएं जुर्माने से बचे

**जगदलपुर, 28 अप्रैल ।** नगर निगम जगदलपुर द्वारा शहर में अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध पहली बार सख्ती के साथ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 फरवरी से नगर निगम के पीएचई अमले द्वारा संचालित इस विशेष जांच अभियान के अंतर्गत अब तक शहर के विभिन्न वार्डों में 286 अवैध नल कनेक्शन चिन्हित किए गए हैं। इनमें से 204 उपभोक्ताओं ने निर्धारित शुल्क जमा कर अपने कनेक्शन वैध करा लिए हैं, जबकि 82 अवैध कनेक्शन काटे जा चुके हैं। नगर निगम द्वारा अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा बकाया जलकर वसूली की कार्यवाही भी नियमित रूप से संचालित होती रहेगी। नगर निगम ने अपील किया है कि समय रहते कनेक्शन वैध कराएं और जुर्माने से बचें।नगर निगम जल कार्य विभाग सभापति सुरेश गुप्ता ने आज सोमवार को बताया कि 18 मार्च 2026 की सामान्य सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 1 मई 2026 से अवैध नल कनेक्शन पाए जाने पर उसे वैध कराने हेतु 14,200 की राशि देय होगी। जबकि 30 अप्रैल तक मात्र 5,000 जमा कर अवैध कनेक्शन को वैध कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शहर में लगभग 24 हजार वैध नल कनेक्शनधारी नियमित रूप से जलकर शुल्क जमा कर रहे हैं। ईमानदार उपभोक्ताओं के हितों और सम्मान को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि जल वितरण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जा सके।सुरेश गुप्ता ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अब तक अवैध नल कनेक्शन ले रखे हैं, वे 30 अप्रैल तक आगे आकर अपने कनेक्शन नियमित करा लें और भारी जुर्माने से बचें। 30 अप्रैल के बाद अवैध कनेक्शन पाए जाने पर निगम द्वारा 14,200 की राशि वसूली जाएगी। नागरिक अपने क्षेत्र के पार्षद से संपर्क कर अथवा सीधे नगर निगम कार्यालय पहुंचकर अपने कनेक्शन को वैध करा सकते हैं।

### कलेक्टर ने स्व-गणना को जन-अभियान बनाने दिए निर्देश

**जगदलपुर, 28 अप्रैल।** बस्तर जिले को जनगणना 2026 के कार्यों में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा एक व्यापक कार्ययोजना लागू की गई है। जिले में स्व-गणना की प्रगति को बढ़ाने के लिए उन्होंने प्रशासन के सभी स्तरों पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान की सफलता के लिए उन्होंने सबसे पहले सरकारी तंत्र को ही आधार बनाया है, जिसके तहत जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वयं की गणना पोर्टल पर दर्ज कर एक आदर्श उदाहरण पेश करने के लिए प्रेरित किया गया है। कलेक्टर ने कहा है कि जब प्रशासनिक अमला खुद इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा, तो आम जनता के बीच इसके प्रति विश्वास और स्पष्टता बढ़ेगी। इसी कड़ी में मैदानी स्तर पर काम करने वाले जनगणना प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रगणक सबसे पहले अपनी स्व-गणना स्वयं पूर्ण करें, ताकि उन्हें इस तकनीकी प्रक्रिया की बारीकियों का व्यावहारिक ज्ञान हो सके। जब प्रगणक इस विषय पर पूरी तरह स्पष्ट होंगे, तभी वे आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर पाएंगे। इस डिजिटल मुहिम में युवाओं की ऊर्जा को जोड़ने के लिए जिले के सभी कॉलेजों और हायर सेकेंडरी स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को स्व-गणना के प्रति जागरूक कर उन्हें इस अभियान का दूत बनाया जा रहा है, ताकि वे तकनीक से दूर रहने वाले वर्गों की सहायता कर सकें। कलेक्टर ने अभियान के विस्तार के लिए केवल सरकारी कार्यालयों तक सीमित न रहकर बैंकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में भी जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए ग्राम स्तर के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो ग्रामीणों के बीच जाकर उन्हें पोर्टल के उपयोग की जानकारी देंगे। जनगणना कार्यालय द्वारा इस बात पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है कि डेटा की प्रविष्टि में कोई विसंगति न हो। इसके लिए एक परिवार, एक मुखिया के सिद्धांत का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट रहे कि परिवार की जानकारी केवल एक ही जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा दर्ज की जाए।

### गीदम के स्वास्थ्य कर्मी व मितानिनों को दो वर्षों से नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

**दंतेवाड़ा, 28 अप्रैल ।** जिले के गीदम ब्लॉक के स्वास्थ्य कर्मी और मितानिन आज सोमवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए पिछले दो वर्षों से प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने की समस्या उठाई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि लंबे समय से प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली राशि भी कई हितग्राहियों तक अब तक नहीं पहुंची है।

# ग्रामीणों ने पुश्तैनी जमीन पर सरकारी निर्माण कार्य पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 28 अप्रैल।** जिले के ग्राम पंचायत हारम के ग्रामीणों में उस समय भारी नाराजगी देखने को मिली, जब उनकी पुश्तैनी जमीन पर कथित तौर पर बिना अनुमति सरकारी भवनों का निर्माण शुरू कर दिया गया। इसी मामले को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण आज सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन से तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि, खसरा नंबर 167 की जमीन पर बिना किसी पूर्व सूचना और बिना ग्राम सभा की सहमति के निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने पंचायत के सरपंच पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, उनकी जमीन को गलत तरीके से प्रशासन को सौंप दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन केवल खेती या निवास के लिए ही नहीं, बल्कि उनकी आस्था का केंद्र भी है। यहां वर्षों से पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजन होते आ रहे हैं। ऐसे में इस स्थल पर निर्माण कार्य से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# प्रवीरचंद भंजदेव वार्ड क्रमांक-8 में सड़क निर्माण की मांग तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,28 अप्रैल।** भोपालपट्टनम नगर पालिका के प्रवीरचंद भंजदेव वार्ड क्रमांक 08 के रहवासियों ने पक्की सड़क निर्माण को लेकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में वर्षों से सड़क की समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।ग्रामीणों और वार्डवासियों के अनुसार, कच्ची सड़क के कारण रोजमर्रा के आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में सड़क कीचड़ में बदल जाती है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लगातार आश्वासन के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति देकर निर्माण शुरू कराया जाए। पार्षद नीरज सुनारकर ने बताया कि 500 मी. पक्की सड़क निर्माण कार्य हेतु नगरपालिका में आवेदन किया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

उक्त संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोपालपटनम से अनेक बार संपर्क करने की कोशिश की गई किंतु साहब का नंबर व्यस्त बताता रहा।

# गौ-माता को राष्ट्रमाता घोषित करने बस्तर की सातों तहसीलों में सौंपा गया ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 28अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधार गौवंश को उचित संवैधानिक दर्जा दिलाने हेतु आज बस्तर जिले में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत जिले के प्रबुद्ध नागरिकों, गौ सेवकों और संत समाज ने एकजुट होकर आज सोमवार को बस्तर जिले के सात तहसीलों जगदलपुर, तोकापाल, बस्तर, बकावंड, नानगुर, बास्तानार और भानपुरी में प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा । यह ज्ञापन देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका और यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम प्रेषित किया गया है। यह ज्ञापन देश के समस्त तहसीलो में दिया गया द्य इस विस्तृत मांग पत्र के माध्यम से बस्तर के गौ भक्तों ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि गौवंश को वह सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हो, जिसकी वह सदियों से हकदार है। ज्ञापन में प्रमुखता से मांग की गई है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 और 51 (द्द) की मूल भावनाओं के अनुरूप केंद्र सरकार संसद में आवश्यक संशोधन कर देशी गौवंश को %राष्ट्रमाता% का आधिकारिक दर्जा प्रदान करे। साथ ही, राज्य सरकार से यह आग्रह किया गया है कि वे विधानसभा में विशेष संकल्प पारित कर छत्तीसगढ़ में गौमाता को राज्य माता% घोषित करें और गौ आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने हेतु ठोस नीतिगत निर्णय लें।ज्ञापन में वर्तमान परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया है कि आधुनिकता की होड़ में पूजनीय गौवंश आज सड़कों पर असुरक्षित है और प्लास्टिक खाने को विवश है, जो हमारी %छत्तीसगढ़िया अस्मिता% और सनातन मूल्यों पर एक गहरा आघात है। इस समस्या के समाधान हेतु एक एकीकृत केंद्रीय गौ सेवा अधिनियम बनाने, गौ तस्करी को गैर जमानती अपराध घोषित करने और अपराधियों की संपत्ति राजसात करने जैसे कड़े प्रावधानों की मांग राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से की गई है। साथ ही, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से राज्य के प्रत्येक ग्राम पंचायत में नंदीशाला तथा जिला स्तर पर आदर्श गौ अभयारण्य विकसित करने का निवेदन किया गया है।गौ सेवकों ने आगे कहा की यदि छत्तीसगढ़ को रसायनों के बोझ से मुक्त कर पुनः समृद्ध धान का कटोरा बनाना है, तो गौ आधारित प्राकृतिक कृषि को एकमात्र मार्ग बनाना होगा। इसके लिए स्कूली पाठ्यक्रमों में गौ विज्ञान शामिल करने और गौ उत्पादों के लिए पृथक विपणन व्यवस्था करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह अभियान पूरी तरह से निःस्वार्थ और अहिंसक है, जिसमें बस्तर की जनता ने महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को अपना संरक्षक मानते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में गौमाता को न्याय मिलेगा और भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा। ज्ञापन देने बड़ी संख्या में गौ भक्त,विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधुगण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस ने किया महिला से छेड़छाड़ करने वाले को गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंड़ागांव, 28 अप्रैल।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम बड़े बेंदरी के वार्षिक मेला में छेड़छाड़ करने वाले आरोपी डोनाल्ड बघेल उम्र 21 वर्ष निवासी बायकापदर बडे बेन्दरी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एन 2609 को जप्त किया गया है।पुलिस से मिली जाानकारी के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह 25 अप्रेल को रात्रि में ग्राम बड़े बेंदरी का वार्षिक मेला देखने गयी थी। आरोपी डोनाल्ड बघेल के द्वारा पीड़िता को स्कुटी से घर छोड़ दूंगा बोल कर समय रात्रि करीबन 2.30 बजे अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एन 2609 से ले जाकर ग्राम बड़े बेन्दरी के नया पारा आम पेड़ के पास गाड़ी रोककर गलत नियत से जबरदस्ती पीड़िता के साथ छेड़छाड़ किया है, कि रिपोर्ट पर आरोपी डोनाल्ड बघेल के विरूद्व थाना कोण्डागांव में अपराध कायम कर विवेचना लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी डोनाल्ड बघेल पिता जगदीश बघेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्रासम बडे बेन्दरी बायकापदर थाना कोण्डागांव से घटना के संबंध मे पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने व आरोपी के विरूध्द अपराध सबूत पाये जाने से आज सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सहायक उप निरीक्षक शांति यादव, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, म. आर. गायत्री शोरी, आर. करण ध्रुव, विष्णु मरई का योगदान रहा।

### भीषण गर्मी में कर्मचारियों से फील्ड वर्क कराना सरकार की संवेदनहीनता:अभिषेक नायडू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,28 अप्रैल।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर महामंत्री अभिषेक नायडू ने प्रदेश सरकार द्वारा भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच शासकीय कर्मचारियों को फील्ड ड्यूटी पर लगाए जाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने सरकार के इस रवैये को संवेदनहीन और विरोधाभासी बताते हुए कहा कि एक तरफ प्रशासन आम जनता को जानलेवा धूप से बचने की सलाह दे रहा है, वहीं दूसरी तरफ अपने ही कर्मचारियों को उसी तपती धूप में झोंक रहा है।अभिषेक नायडू ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि सरकार द्वारा मई के महीने में अत्यधिक गर्मी और लू चलने की आशंका को देखते हुए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें स्पष्ट रूप से आम जनमानस को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक घरों से बाहर न निकलने और खुले में न घूमने की हिदायत दी गई है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इसी समय अवधि में सरकार ने परिसीमन और जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी फील्ड वर्क में लगा दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इन कर्मचारियों पर लू और भीषण गर्मी का असर नहीं होगा? क्या सरकार को अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और जीवन की कोई चिंता नहीं है?कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। एक तरफ जनता की सुरक्षा का ढोंग रचा जा रहा है और दूसरी तरफ कर्मचारियों को मजबूरन इस जानलेवा मौसम में घर-घर जाकर सर्वे करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि हीट वेव को देखते हुए जनगणना और परिसीमन के कार्य के समय में तत्काल बदलाव किया जाए और दोपहर के वक्त फील्ड वर्क को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा जाए। साथ ही फील्ड में तैनात कर्मचारियों के लिए ओआरएस, पेयजल और स्वास्थ्य सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।



### वर्ष भर में बस्तर संभाग में 100 प्रतिशत विद्युतिकरण का लक्ष्य

**जगदलपु, 28 अप्रैल।** नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग लंबे समय तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे इस क्षेत्र में अब ग्रामीण विद्युतीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। बिजली विभाग के अनुसार संभाग के कुल 1189 गांवों में से लगभग 70 प्रतिशत गांवों में विद्युत आपूर्ति पहुंचा दी गई है, जबकि शेष 30 प्रतिशत दुर्गम और पहुंच विहीन क्षेत्रों में सोलर ऊर्जा प्रणाली के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार 860 गांवों में पारंपरिक बिजली पहुंचाई जा चुकी है। वर्षभर के भीतर बस्तर संभाग के सभी गांवों को 100 प्रतिशत विद्युतिकरण के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है, खासकर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जैसे जिलों में, जहां भौगोलिक कठिनाइयों और कभी-कभी सुरक्षा चुनौतियों के कारण कार्य अपेक्षाकृत कठिन हो जाता है। बिजली विभाग के एसी केबी मैथ्यू ने बताया कि बारिश के मौसम से पहले अधिकतम गांवों तक बिजली पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि बारिश शुरू होने के बाद नदी-नालों के उफान और दुर्गम रास्तों के कारण काम में बाधाएं आती हैं।

# ज्ञानभारतम् मिशन के तहत पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण की दिशा में पहल

**दंतेवाड़ा, 28 अप्रैल ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत संचालित ÷ज्ञानभारतम् मिशन÷ के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज कलेक्टर श्री देवेष कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के अंतर्गत प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों के संरक्षण, अन्वेषण और डिजिटलीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों तथा निजी संग्रहों में सुरक्षित प्राचीन ज्ञान-संपदा को चिन्हित कर संरक्षित करना और डिजिटल माध्यम से जनसुलभ बनाना है। इसी क्रम में जिले में संस्थागत एवं व्यक्तिगत संग्रहकर्ताओं के पास उपलब्ध पांडुलिपियों के चिन्हांकन एवं सूचीकरण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि यह पहल हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कलेक्टर ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने पास उपलब्ध ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दस्तावेजों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे जिले की सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रह सके और व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंच सके।

# जिले में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 28 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके मार्गदर्शन में विगत दिवस जिले समस्त विकासखंड में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रेरित, हम कर सकते हैं, अब हमें ही करना होगा के आधार पर रहा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कुम्हाररास में आयोजित किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉ देश दीपक के द्वारा ग्रामीणों को मलेरिया के संबंध में उपचार एवं आवश्यक बचाव हेतु विभिन्न जानकारी दी गई। साथ ही साथ जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक संकल्प के साथ काम करने की शपथ दिलाई गई। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर देश दीपक ने बताया कि जिले मलेरिया की उन्मूलन के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है जिसमें 5 एपीआई अधिक वाले ग्रामों में लगातार लोगों की मलेरिया जांच एवं उपचार तथा लार्वा की समाप्ति के लिए कार्य किया जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजय रामटेके, डॉ भुवन विजय कुर्रे मलेरिया सलाहकार संजय मरावी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी एवं मितानिन उपस्थित थे

# सुशासन तिहार-26 में जन शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 28 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकनी सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की प्राथमिकताओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना ही सुशासन का मूल आधार है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष आयोजित ÷सुशासन तिहार÷ के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए इस वर्ष भी ÷सुशासन तिहार 2026÷ का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए सभी विभागों को अभी से तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रारंभ ÷ज्ञानभारतम् मिशन÷ के क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा हमारे प्राचीन पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित ग्रंथों में संरक्षित है। इन धरोहरों के संरक्षण और सूचीकरण के लिए जिले में संस्थागत एवं व्यक्तिगत संग्रहकर्ताओं की पहचान की जाएगी तथा जिला स्तरीय समिति का गठन कर समन्वित रूप से कार्य किया जाएगा।बैठक में ÷बस्तर मुन्ने÷ (अग्रणी बस्तर) कार्यक्रम की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि एनसीईआर सर्वेक्षण के आधार पर व्यक्ति मूलक योजनाओं का सेचुरेशन सुनिश्चित करने के लिए अप्रैल 2026 से ग्राम पंचायत, क्लस्टर और विकासखण्ड स्तर पर चरणबद्ध शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार, पात्र हितग्राहियों की पहचान, योजनाओं का त्वरित लाभ वितरण, ग्राम सभाओं के माध्यम से सामुदायिक कार्यों का अनुमोदन तथा लंबित प्रकरणों का निराकरण, के तहत 31 जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित परिवारों को शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाया जायेगा। साथ ही, अंतिम चरण में कार्यक्रम का प्रभाव मूल्यांकन एवं थर्ड पार्टी फीडबैक भी लिया जाएगा।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री ध्रुव ने जिले में चल रहे स्व-गणना अभियान को गति देने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए प्रशासनिक अमले की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसी क्रम में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वयं की स्व-गणना पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि वे आम नागरिकों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत कर सकें और लोगों के बीच विश्वास बढ़े। उन्होंने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे स्वयं स्व-गणना की प्रक्रिया को समझें और तकनीकी रूप से दक्ष बनें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर ने मैदानी स्तर पर जन जागरूकता बढ़ाने, लोगों की शंकाओं का त्वरित समाधान करने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को इस अभियान से जोड़ने पर विशेष बल दिया।

इसके साथ कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने समय-सीमा की बैठक में तेलंगाना राज्य में पुर्नवासित परिवार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में धारित संपत्ति, एनआरसी में गर्भवती महिलाओं, चिकपाल निर्माण कार्य, परचेली एकलव्य आदर्श विद्यालय कटेकल्याण में आधारभूत संरचना, जल संचय अभियान, एचआरएमआईसी कार्य सहित अन्य लंबित मुददे और उसके निराकरण के लिए की गई कार्यवाही की भी कलेक्टर द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा सहित सभी विभाग के विभागीय प्रमुख मौजूद थे।

# सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालो के विरुद्ध की गई आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में जिले मे अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे दिनांक 26.04.2026 को आम स्थान पर शराब पीने वाले आरोपी 01. केशलाल पिता बरसन नायक उम्र 29 साल साकिन रानीतराई थाना भुरेगांव जिला बालोद, 02. नरेश कुमार ठाकुर पिता कुंभलाल ठाकुर उम्र 27 साल साकिन रानीतराई थाना सुरेगांव जिला बालोद, 03. हेमंत कुमार गावरे पिता रामजी गावरे उम्र 38 साल साकिन रानीतराई थाना सुरेगांव जिला बालोद, 04. प्रकाश यादव उर्फ गोलू यादव पिता कन्हैया यादव उम्र 28 साल साकिन वार्ड नं. 13 गौरीनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव, 05. सुरेन्द्र भट्टर पिता दुर्गा प्रसाद भट्टर उम्र 23 साल साकिन वार्ड नं. 13 गौरीनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार अभियान कार्यवाही मे आज दिनांक 27.04.2026 को लड़ाई झगड़ा कर परिशांति भंग करने वाले बदमाश 01. सेवक राम साहू पिता बल्लाराम सहू उम्र 21 साल साकिन शंकरपुर वार्ड नं. 10 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव, 02. शेख शहबाज पिता शेख परवेज उम्र 29 साल साकिन स्टेशनपारा वार्ड नं. 11 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव, 03. अशिष मेश्राम पिता रमेश मेश्राम उम्र 21 साल साकिन महादेव नगर वार्ड नं. 14 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव, 04. रूपेश सिन्हा पिता खेमराज सिन्हा उम्र 20 साल साकिन ग्राम खैरा पोस्ट रेंगाकठेरा थाना ठेलकाडीह जिला राजनांदगांव, 05. राहुल सिंह चौहान पिता मोहन सिंह चौहान उम्र 25 साल साकिन वार्ड नं. 12 शिक्षकनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत् कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, उनि सत्तुलाल कवंर, सउनि शत्रुहन टण्डन, सउनि विनोद कुमार वर्मा, प्र.आर. अरूण कुमार नेताम, म.प्र.आर. ज्योति साहू, मायासिंह गौर, आर0 सुनील बैरागी, चन्द्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, आदित्य सोलंकी, चन्द्रकांत यादव एवं चौकी चिखली स्टाफका महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## एक नजर

### 1 मई बुद्ध पूर्णिमा को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 28 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 1 मई दिन शुक्रवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने निर्देशित किये है।

### श्री रामलला दर्शन के लिए 91 दर्शनार्थी 29 अप्रैल को विशेष ट्रेन से होंगे रवाना

**राजनांदगांव 28 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के 91 श्रद्धालु 29 अप्रैल को विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें यात्रा के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने यात्रा के दौरान यात्रियों के ठहरने, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ-साथ गर्मी से बचाव के विशेष उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार ने बताया कि यात्रा 29 अप्रैल से 2 मई 2026 तक संचालित होगी। यात्रा से पूर्व सभी दर्शनार्थियों के लिए राजनांदगांव शहर में स्थानीय उदयाचल भवन में ठहरने की व्यवस्था की गई है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पार्षदअजय ठाकुर नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त

**भाटापारा 28 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरपालिका परिषद भाटापारा के कांग्रेस पार्षद अजय ठाकुर को न.पा. मे नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति पत्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैंदू ने जारी किया है उक्त नियुक्ति पत्र नगरपालिका के मुख्यनगरपालिका अधिकारी को भेजा गया है इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं नगरपालिका के अध्यक्ष को उनकी नियुक्ति से अवगत कराया गया है।



### साहित्यिक आयोजन में अपनी जड़ों की ओर लौटने की गूंज

**राजनांदगांव 28 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोक तिहार अक्ती (अक्षय तृतीया) प्रसंग पर कवयित्री श्रीमती रेशमी रश्मि साहू के रिद्धि- सिद्धि कालोनी स्थित उनके निवास स्थान मे छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति का मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित कवि /साहित्यकारों? ने लोक संस्कृति के रंगों में पगी एक से बढ़कर एक रचनाओं का पाठ करते हुए कार्यक्रम को नई उंचाई दी और सनातन संस्कृति संस्कार की महत्ता का गान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक वरिष्ठ कवि /साहित्यकार आत्माराम कोशा ÷अमात्य÷ ने की वही विशेष अतिथि के रुप में अंतर्राज्यीय मंचों के हास्य व्यंग्य के कवि पद्मलोचन शर्मा मुंहफ्ट ने मानवीय मूल्यों के गिरते स्तर पर उन्होंने- गुंगे बहरों की बस्ती में ईमान न कोई बाकी है, पंडित मुल्ला पादरी बहुत,, इंसान न कोई बाकी है ,,,कहकर वाहवाही पाई। साहित्य समिति की उपाध्यक्ष कवयित्री सुषमा शुक्ला अंशुमन द्वारा मां सरस्वती के चरणों में वंदना गान के साथ प्रारंभ हुए उक्त साहित्य गोष्ठी में ग़ज़ल विधा के सुकुमार कवि अनुराग सक्सेना ने - छांह क्या दे पेड़, बिन पत्तो के शरमाते यहां,,/ पंछियों के झूंड भी अब तो नहीं गाते यहां ,, कह कर प्रकृति के विनाश की ओर लोगों का ध्यान खींचा। इसी तरह हास्य व्यंग्य के कवि विरेंद्र तिवारी वीरु ने व्यवस्था की विसंगतियों पर फब्तियां कसते हुए यह बातें कही- डामर रोड में रेंग- रेंग के मनखे डामर होंगे।

## सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# विकास कार्यों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका : संतोष पाण्डेय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थे।

सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं सहित जिले के नवाचार के क्रियान्वयन, प्रगति तथा विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को समय-सीमा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कार्य पेयजल समस्या, स्कूलों में आवश्यक सुधार तथा अन्य जनहित से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, उन कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समाज की भागीदारी से ही योजनाओं का प्रभाव अधिक व्यापक होता है। केवल शासकीय प्रयासों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, बल्कि जनजागरूकता और समाज की सक्रिय भागीदारी से ही योजनाएं प्रभावी बनती हैं। उन्होंने केंद्र एवं राज्य शासन की मंशा के अनुरूप विभिन्न विभागों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा आवश्यकतानुसार समय-समय पर बैठक आयोजित करने कहा।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिले में जल संरक्षण एवं फसल विविधीकरण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जो प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय का परिणाम हैं। उन्होंने आगे भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखते हुए लंबित कार्यों के त्वरित निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की जानकारी देते हुए बताया कि 1 मई से हाउस लिस्टिंग कार्य प्रारंभ होगा, जिसके पूर्व स्व-गणना पोर्टल की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं एवं अपने परिवारजनों की जानकारी स्व-गणना पोर्टल में पूर्ण करें तथा आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत निःशुल्क ई-केवाईसी कार्य में सीएससी सेंटर द्वारा राशि लेने के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्टेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पिछले 4 माह में जो शिक्षक लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपंप के केसिंग पाईप को ऊपर उठाने के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार से पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के घर से बाहर जाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समस्या की रोकथाम के लिए स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वित जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते बच्चों में जागरूकता विकसित की जाए, तो ऐसी घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था के साथ साईन बोर्ड लगाने कहा। वनमंडलाधिकारी श्री आशुष जैन ने बताया कि जिले में संग्रहण कार्य 1 से 5 मई के बीच प्रारंभ होगा। इस वर्ष तेंदूपत्ता की दरों में वृद्धि हुई है, जिससे संग्राहकों को लाभ मिलेगा।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि पिछले दो वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 28 हजार से अधिक आवाओं को पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ग्रामीण बीपीएल परिवारों के युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। जिससे स्वरोजगार से जोडने् के लिए हुनरमंद बनाया जाता है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ नवाचारों की जानकारी दी। बैठक में सदस्य जिला पंचायत श्रीमती देवकुमारी साहू, विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गौ सम्मान अभियान के तहत पीएम मोदी के नाम प्रार्थना पत्र सौंपा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 28 अप्रैल।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत भारतवर्ष के 5000 तहसीलों के साथ भाटापारा में सोमवार को भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र तहसील कार्यालय जा कर सौपा गया। गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो ,गौ रक्षा मंत्रालय का निर्माण हो,अखिल गोवंश की हत्या बंद हो की प्रमुख मांग रखी गई। भाटापारा में सोमवार को भारत माता चौक से सुबह 10 बजे पैदल यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा को दिव्य बनाने के लिए यात्रा की अगुवाई स्वयं गौ माता कर रही थी। छोटे छोटे बछड़े भी सज धज कर यात्रा के साक्षी बन रहे थे। वही कुछ गौ भक्तों ने पैदल यात्रा के आगे दंडवती यात्रा भी की। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष के साथ युवा वर्ग शामिल हुआ।

भगवत संकीर्तन,भगवा झंडे और जयकारों के साथ यात्रा निकली। जिसका जगह जगह सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जल पान की व्यवस्था कर स्वागत किया। यात्रा 12:00 बजे तहसील कार्यलय पहुंची जहाँ राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन महिला वर्ग, प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन पुरुष वर्ग एवं मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम का ज्ञापन युवा वर्ग ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार को सौपा।जिसके बाद सभी गौ भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर समिति के सदस्य अभिषेक उपाध्याय(बंटी) ने कहा कि भारतीय सनातनी परंपरा संस्कृति में गौ माता का विशिष्ट स्थान है। 33 कोटि देवी देवताओं का वास गौ माता मे होता है। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज ने 1966, 7 नवंबर को गौ हत्या बंद को लेकर संसद का घेराव किया था। आज 60 वर्षों बाद फिर गौ माता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए कोई अभियान खड़े हुआ है। यह अभियान सिर्फ ज्ञापन अभियान तक नहीं रुकेगा आगे चरणबद्ध तरीके से इस पर कार्य किया जाएगा। सरकार जिस भाषा में समझेगी उसी भाषा में आंदोलन किया जाएगा। अभियान में प्रमुख रूप से रामरूप दास जी महाराज, राजेश अग्रवाल, राम रतन मूंदड़ा, अनिल चांडक, नरेश चौबे, मोहन केसरवानी, सतीश अग्रवाल, अभिषेक उपाध्याय (बंटी),ओमेश बेसेन, सतनारायण जोशी, हरगोपाल शर्मा, रमाकांत तिवारी, महेश उपाध्याय, संतोष पुरोहित,राकेश उपाध्याय,श्याम रतन मूंदड़ा, डॉ वासुदेव ठाकुर,के अलावा बडी संख्या मे लोग शामिल हुए।

## ग्राम नारी की महिलाओं की महिलाओं ने सफलता की मिसाल पेश की

**रायपुर, 28 अप्रैल।** ग्रामोदय बुनकर सहकारी समिति ने अपने सामूहिक प्रयास, मेहनत और दूरदृष्टि के बल पर ऐसी सफलता की कहानी रची है, जो न केवल आर्थिक उन्नति का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि ग्रामीण महिलाएँ यदि अवसर और सहयोग प्राप्त करें, तो वे किसी भी क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर सकती हैं। धमतरी जिले के छोटे से ग्राम नारी में आज आत्मनिर्भरता, परंपरा और नवाचार का एक अद्भुत संगम देखने को मिलता है। कभी सीमित संसाधनों और अवसरों वाला यह गाँव अब ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक मिसाल बन चुकी है। नारी गाँव में पहले बुनाई प्रमुख आजीविका नहीं थी, लेकिन पड़ोसी राज्य ओडिशा में संबलपुरी साड़ियों की बढ़ती मांग को देखते हुए समिति ने इस क्षेत्र में कदम रखा। संबलपुरी साड़ियाँ अपनी विशेष इकत डिज़ाइन और आकर्षक रंगों के लिए जानी जाती हैं, जिन्हें बनाने के लिए उच्च कौशल और धैर्य की आवश्यकता होती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समिति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासकीय वस्त्र उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत नियमित रूप से धागा प्रदाय किया जा रहा है।

# शहर में सरेआम चाकू लहराकर आने-जाने वालों को डराने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री एलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में असामाजिक तत्वों एवं अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 26.04.2026 की रात्रि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि होटल विल्सन मानव मंदिर के पीछे एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर हाथ में धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है, जिससे राहगीर भयभीत हो रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना सिटी कोतवाली की टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे टीम ने मुस्तैदी से पकड़ लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नग स्टील का धारदार चाकू (कुल लंबाई 13 इंच) बरामद किया गया। चाकू रखने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर हथियार को विधिवत जब्त किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी का विवरण

तरूण कांक्षी पिता स्व. बालाराम कांक्षी, उम्र 26 वर्ष, निवासी टांकापारा रेलवे क्रासिंग (बाई होटल के सामने), थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)। आरोपी का उक्त कृत्य आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत दंडनीय पाए जाने पर अपराध क्रमांक 231/2026 पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को दिनांक 26.04.2026 की रात्रि 22:30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। राजनांदगांव पुलिस द्वारा भविष्य में भी शांति व्यवस्था भंग करने वाले और अवैध हथियार रखने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त वैधानिक कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मिलन सिंह प्रधान आरक्षक संदीप चौहान, आर श्रीनिवास राव, आर लीलेन्द्र पटेल आर प्रकाश कुर्रे की विशेष भूमिका रही।

### महतारी वंदन योजना राशि से मनीषा संवार रही बेटी का भविष्य

**रायपुर, 28 अप्रैल।** शासन की फ्लैगशिप महतारी वंदन योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे अपने परिवारों के लिए समृद्धि ला सकें। कई महिलाएं अपने बच्चों की पढ़ाई के तथा घर की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में इस राशि का उपयोग कर रही हैं। इसी कड़ी में मुंगेली जिले के लोरमी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर की निवासी मनीषा बंजारा महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्राप्त आर्थिक सहायता का सार्थक उपयोग कर अपनी बेटी का भविष्य संवार रही हैं। मनीषा बंजारा को योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली सहायता राशि से घर की छोटी-छोटी जरूरतों के साथ-साथ अपने बच्चे की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का अवसर मिला है।

# अकाल पूरख की फौज की राष्ट्रीय कोर कमेटी की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ टीम घोषित

■ जिले की कमान त्रिलोक सिंह निक्कू को, तरनदीप सिंह महासचिव व ऋषि सिंह बने उपाध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** सिख धर्म की अंतर्राष्ट्रीय संस्था अकाल पूरख की फ़ौज की राष्ट्रीय कोर कमेटी की गरिमामयी उपस्थिति में छत्तीसगढ़ प्रदेश की सम्पूर्ण मनोनीत टीम की विधिवत घोषणा रायपुर स्थित होटल सेलिब्रेशन में की गई। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्यजनों की मौजूदगी में प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

इस विशेष अवसर पर ज्ञानी केवल सिंह जी, पूर्व जत्थेदार दमदमा साहिब, सरदार जसविंदर सिंह जी एडवोकेट, फाउंडर अकाल पूरख की फ़ौज तथा सरदार बलविंदर सिंह जौड़ा जी, सचिव सिख विद्यक बोर्ड विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन विस्तार, समाज सेवा, सिख धर्म के प्रचार-प्रसार तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दत्ता की अनुशंसा पर राजनांदगांव जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए त्रिलोक सिंह निक्कू को जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं तरनदीप सिंह गोल्डी अरोरा को महासचिव तथा ऋषि सिंह भाटिया को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संस्था की रीति-नीति के अनुसार कार्य करते हुए समाज हित, सेवा कार्यों और युवाओं को जोड़ने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा जरूरतमंदों की सेवा को प्राथमिकता दी जाएगी।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने नवनियुक्त टीम को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नई टीम संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफल होगी। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन, संगठन सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिवकुमार यादव ने नगरपालिका परिषद के सीएमओ का प्रभार लेने के बाद विभागवार समीक्षा की



**भाटापारा 28 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिवकुमार यादव नगरपालिका परिषद के सीएमओ का प्रभार लेने के बाद विभागवार समीक्षा की आज उन्होंने चर्चा करते हुए कहा न.पा. कार्यालय मे अपने चेम्बर मे चर्चा करते हुए कहा कि उनका प्रमुख फोकस सफाई एवं नगरपालिका के बकाया करो की वसूली पर रहेगा यह सभी विभागों मे करो की वसूली के लिए होगा जिससे हम आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं दे सके जिसके लिए बकाया करो टैक्स की वसूली पर विशेष ध्यान दिया जायेगा वही सीएमओ यादव ने कहा नगरपालिका द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है अगर इसके बावजूद भी सडक पर या नाली मे कचरा डाला जाता है तो उसे नोटिस दिया जायेगा और जुर्माना भी वसूला जायेगा उन्होंने बताया की इस संबंध मे सभी मुद्दो पर नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से चर्चा हुई है। वही वर्तमान मे ग्रीष्म ऋतु चल रहा है और इन दिनो भीषण गर्मी का प्रकोप भी है भू जल स्तर मे लगातार गिरावट आ रही है ऐसे मे नगर वासियो को पेयजल की समस्या न हो इसके लिए रोजाना समीक्षा की जा रही है नगर के 31 वार्डो मे पानी की आपूर्ति निरंतर हो अगर कहीं कोई कमी न हो अगर कहीं पानी की समस्या आ रही है उसे दूर किया जा रहा है ।वही भाटापारा नगरपालिका काफी बडे क्षेत्र होने के कारण सफाई,पानी के साथ साथ प्रकाश व्यवस्था पर भी फोकस होगा।

# महापौर आवास तोड़कर बनाया जाए नगर निगम का पेट्रोल पंप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 अप्रैल।** नगर निगम के बजट 2026-27 में पेट्रोल पंप स्थापना को मिली स्वीकृति के बाद राजनीति गरमा गई है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निगम प्रशासन द्वारा यातायात नगर पेंड्री में प्रस्तावित स्थल चयन पर सवाल उठाते हुए सुझाव दिया है कि महापौर आवास को तोड़कर टांका घर के सामने निगम का पेट्रोल पंप बनाया जाए जिससे निगम को आर्थिक लाभ और शहरवासियों को सुविधा मिल सके।

श्री पिल्ले ने निगम प्रशासन के उस फैसले पर आपत्ति जताई है जिसमें नगर निगम के पेट्रोल पंप के लिए यातायात नगर पेंड्री क्षेत्र का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि निगम के वाहनों को रोजाना ईंधन भराने के लिए शहर से दूर ट्रांसपोर्ट नगर भेजना व्यावहारिक नहीं है और इससे निगम को अनावश्यक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। श्री पिल्ले ने कहा कि नगर निगम के अधिकांश वाहन, जिनमें ट्रक, टैंकर, टिप्पर और अन्य उपयोगी वाहन शामिल हैं टांका घर से संचालित होते हैं। ऐसे में प्रतिदिन करीब 50 वाहनों को कई किलोमीटर दूर पेट्रोल-डीजल भराने भेजना समय और धन दोनों की बर्बादी है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि जहां पूर्व महापौर शोभा सोनी और पूर्व महापौर हेमा सुदेश देशमुख का निवास रहा है तथा जहां पहले तत्कालीन आयुक्त एम.पी.एस. अरोरा का सरकारी आवास था उस भवन को तोड़कर वहां पेट्रोल पंप बनाया जाना चाहिए। उनका कहना है कि यह स्थान शहर के बीचोंबीच है और निगम के लिए सबसे उपयुक्त रहेगा। श्री पिल्ले ने तर्क दिया कि वर्तमान महापौर मधुसूदन यादव स्वयं रामाधीन मार्ग स्थित सरकारी आवास या गायत्री मंदिर चौक स्थित निगम आवास में निवास नहीं करते बल्कि मोतीपुर स्थित अपने निजी निवास में रहते हैं। ऐसे में खाली पड़े सरकारी आवास का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा पेट्रोल पंप खोलने का निर्णय स्वागतयोग्य है लेकिन भाजपा की सत्ता वाली परिषद को दूरदृष्टि के साथ स्थान चयन करना चाहिए। यदि टांका घर के सामने पेट्रोल पंप बनाया जाता है तो निगम को प्रतिदिन बड़ी बचत होगी। श्री पिल्ले ने दावा किया कि निगम के लगभग 50 वाहनों में प्रतिदिन करीब 500 लीटर ईंधन भराया जाता है। यदि वाहन ट्रांसपोर्ट नगर तक नहीं जाएंगे तो प्रतिदिन लगभग 2 लीटर ईंधन प्रति वाहन की बचत होगी। इस हिसाब से रोजाना करीब 10 हजार रुपए, महीने में लगभग 3 लाख रुपए और सालभर में 36 लाख रुपए तक की बचत संभव है।

# नाबालिग की चाकू मारकर हत्या परिजनों ने किया थाने का घेराव

**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजधानी में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है . बदमाशों ने 16 वर्षीय नाबालिग की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान कुश बाघ के रूप में हुई है.

जानकारी के मुताबिक, सोमवार देर रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कुछ आरोपियों ने दो नाबलिगों पर चाकू से प्राणघातक वार कर दिया. इसमें कुश बाघ की मौत हो गई, जबकि उसका नाबालिग साथी भी हमले में घायल हुआ है. बताया जा रहा है कि काशीराम सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वहीं घायल का अस्पताल में इलाज जारी है.




घटना के बाद परिजनों ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर घेराव कर दिया और न्याय की मांग करने लगे. इस बीच डीएसपी सेंट्रल उमेश प्रसाद गुप्ता और एसीपी रमाकांत साहू थाने पहुंचे. उन्होंने परिजनों को समझाइश देने की कोशिश की गई. थाना प्रभारी तारकेश्वर पटेल ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पंचशील नगर के पास जोगी मोहल्ला में सोमवार रात करीब 11:30 बजे से 12 बजे के बीच की यह घटना है. एक नाबालिग की चाकू से हत्या कर दी गई है. उसके एक और साथी पर भी हमला हुआ है. सिविल लाइन थाना में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है. पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुटी हुई थी. संदिग्धों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है. वारदात को अंजाम देने में 4 लोगों की भूमिका सामने आई है, जिनसे पूछताछ जारी है. पूछताछ के बाद भी स्पष्ट हो सकेगा कि घटना का क्या कारण था।

एक नज़र

## राज्यसभा सदस्य लक्ष्मी वर्मा को केंद्र में मंत्री बनाने पीएम को पत्र



**रायपुर 28 अप्रैल।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला, उपाध्यक्ष बलराम आहूजा भावेश पिथालिया एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को पत्र लिखकर कहा है कि छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य श्रीमति लक्ष्मी वर्मा को केन्द्र में मंत्री बनाने की मांग की है। अभी छ0ग0 से केवल तोखन लाल साहू एक ही मंत्री है।श्री रमेश आहूजा ने कहा कि पूर्व में भी स्व. अटल विहारी जी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ से दो मंत्री बनाये गये थे श्री रमन सिंह और श्री रमेश बैस । श्री रमन सिंह और रमेश बैस भी पूर्व में पार्षद रहे है उसी प्रकार लक्ष्मी वर्मा भी रायपुर नगर निगम में पार्षद रही है, उसके बाद वह रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष भी रही है तथा छ0ग0 महिला आयोग की सदस्य रही है। उल्लेखनीय है कि आपतकाल के बाद जनता पार्टी की केन्द्र में सरकार बनी थी उसमें भी छत्तीसगढ़ से दो मंत्री थे बृजलाल वर्मा तथा पुरुषोत्तम कौशिक मंत्री रहे है। भारत की आबादी में 50 प्रतिशत महिलाएँ हैं इस अंदाज से भी छत्तीसगढ़ से एक पुरुष व एक महिला मंत्री बनाया जाना उचित है । श्रीमति वर्मा एक मृदुभाषी मिलनसार तथा ईमानदार नेत्री है जिन पर कोई दाग नहीं हे वे पिछले 30 वर्षो से राजनीति व समाज सेवा में सकिय है अतः उन्हें केन्द्र में मंत्री बनाये जाने से छत्तीसगढ़ की जनता में बहुत ही हर्ष व्याप्त होगा । अतः आपसे प्रार्थना है कि आप देश में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जा रहे है उस लिहाज से भी लक्ष्मी वर्मा को केन्द्र में मंत्री बनाया जाना न्यायोचित है ।

## 29 को 10वीं-12वीं के परिणाम होंगे घोषित

**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में 10वीं-12वीं परीक्षा के रिजल्ट का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए बड़ी खबर है। रिजल्ट को लेकर शिक्षा मंत्री ने एक्स पोस्ट जारी किया है। पोस्ट में मंत्री गजेंद्र यादव ने रिजल्ट कब जारी होगा? इसकों लेकर समय व दिन की घोषणा की है। मंत्री ने लिखा...''माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे। यह केवल अंकों की घोषणा नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों व शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है।''29 अप्रैल दोपहर 02:30 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किए जाएंगे। यह केवल अंकों की घोषणा नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों व शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को धैर्य बनाए रखने, परिणाम को सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकार करने और भविष्य की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएँ। प्रत्येक परिणाम एक नई शुरुआत का संकेत है, और हर विद्यार्थी में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएँ निहित हैं।'' बता दें कि 10वीं-12वीं बोर्ड में टॉप करने वाले छात्रों की लिस्ट भी जारी की जाएगी। जो छात्र टॉप करेंगे उन्हें राज्य सरकार के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इस वर्ष कक्षा 10वीं में 3,20,535 छात्र पंजीकृत हुए थे। वहीं, हायर सेकेंडरी परीक्षा 12वीं में 2,45,785 छात्रों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा के बाद छात्र रिजल्ट का इंतेजार कर रहे हैं। ऐसे में शिक्षा मंत्री की घोषणा के बाद छात्रों के दिल की धड़कने तेज हो गई हैं।

## करेन्सी टॉवर में लिफ्ट के रुकने की घटना की त्वरित जाँच

**रायपुर 28 अप्रैल।** करेन्सी टावर, रायपुर में स्थापित कैप्सूल लिफ्ट क्रमांक-02 के बीच में रुक जाने की घटना 20 अप्रैल के संबंध में की गई जाँच में यह तथ्य सामने आया है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में स्टैंडबाय व्यवस्था के रूप में डीजल जनरेटर एवं यूपीएस उपलब्ध है। मुख्य विद्युत निरीक्षकालय द्वारा जाँच रिपोर्ट के आधार पर सभी तकनीकी खामियों को दूर करने हेतु 07 दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई है। मुख्य विद्युत निरीक्षक कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि घटना के दिन विद्युत आपूर्ति में व्यवधान आने पर डीजल जनरेटर के ऑटोमैटिक चेंजओवर सिस्टम में तकनीकी खराबी उत्पन्न हो गई, जिसके परिणामस्वरूप यूपीएस भी प्रभावित हुआ और लिफ्ट को निरंतर विद्युत आपूर्ति नहीं मिल सकी। इसी कारण लिफ्ट बीच में रुक गई।

# 31 मई के बाद प्लास्टिक बोतल में मिलेगी शराब

■ मंत्री बोले भ्रष्टाचार और मिलावट से मिलेगी निजात



**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की साय सरकार प्रदेश में आबकारी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और मिलावटखोरी को जड़ से खत्म करने के लिए एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने घोषणा की है कि प्रदेश में जल्द ही शराब की पैकेजिंग का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। मंत्री देवांगन ने जानकारी दी कि वर्तमान में शराब कांच और प्लास्टिक दोनों तरह की बोतलों में उपलब्ध है। यह व्यवस्था 31 मई तक जारी रहेगी। हालांकि, 1 जून से प्रदेश की सभी शराब दुकानों में शराब पूरी तरह से प्लास्टिक की बोतलों में ही बेची जाएगी।

सरकार का तर्क है कि प्लास्टिक की बोतलों में पैकेजिंग करने से शराब में होने वाली मिलावट को रोका जा सकेगा। मंत्री के अनुसार प्लास्टिक बोतलों की सीलिंग तकनीक ऐसी होगी जिससे उसमें किसी भी तरह की मिलावट करना संभव नहीं होगा। ग्राहकों को शुद्ध उत्पाद मिलेगा और राजस्व की चोरी पर लगाम लगेगी।

इस बदलाव की घोषणा के साथ ही आबकारी मंत्री ने पिछली कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहाः कांग्रेस शासनकाल में शराब के खेल को हर कोई जानता है। उस समय शराब दुकानों में दो-दो काउंटर चलते थे–एक सरकारी और दूसरा निजी। भ्रष्टाचार चरम पर था। लखनलाल देवांगन ने जोर देकर कहा कि आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, जहाँ भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि साय सरकार का लक्ष्य व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाना है ताकि जनता का पैसा और गुणवत्ता दोनों सुरक्षित रहें।

## लूट के आरोपी कांग्रेसी पार्षद ओम प्रकाश पार्टी से निलंबित

**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने लूट की सनसनीखेज वारदात में शामिल कांग्रेस पार्षद ओम प्रकाश साहू को निलंबित कर दिया है। रायपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कार्रवाई करते हुए साहू को पार्टी से सस्पेंड कर दिया। बताया जा रहा है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए जांच कमेटी का गठन भी किया गया है। जो आरोपों की पूरी गहनता से जांच करेगी और पार्टी रिपोर्ट सौंपेगी। आपको बता दें कि रायपुर ष्ठष्टक्क नॉर्थ पुलिस की टीम ने राजधानी में कारोबारी से 50 लाख के सनसनीखेज लूट का बड़ा खुलासा करते हुए इस वारदात में शामिल कारोबारी के ड्राइवर और कांग्रेस पार्षद समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रायपुर में कारोबारी अखिलेश के साथ हुए इस लूट का मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि उसका ड्राइवर ही था, 25 अप्रैल 2026 को कंपनी का ड्राइवर और अकाउंटेंट करीब 50 लाख रुपये लेकर बैंक जा रहे थे।रास्ते में ड्राइवर कृष्णा साहू ने गुटखा लेने के बहाने अकाउंटेंट को गाड़ी से उतार दिया और फिर कार समेत नकदी लेकर फरार हो गया।

# सेवा संघ नियम में संशोधन पर अनियमित कर्मियों में आक्रोश

**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हाल ही में लाए गए छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक सेवा संघ नियम-2025 के संशोधन को लेकर अनियमित कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। फेडरेशन का आरोप है कि यह संशोधन गैर-जरूरी है और संविधान के अनुच्छेद 19(3) के तहत संघ बनाने के अधिकार का उल्लंघन करता है।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने इसे अनियमित आंदोलन को कुचलने का असफल प्रयास बताया है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने एक बयान जारी कर कहा कि सरकार के इस कदम से लाखों अनियमित कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का मौका नहीं मिलेगा।

नियम 2 के खंड (ख) में बदलाव कर 'शासकीय सेवक' की परिभाषा को केवल नियमित स्थापना में नियुक्त और छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 लागू होने वाले व्यक्तियों तक सीमित कर दिया गया है। इसके बाद नया खंड (ग) जोड़ा गया है, जिसमें 'शासकीय सेवक संघ' को केवल उन संघों तक परिभाषित किया गया है जिनके सदस्य या पदाधिकारी वर्तमान में नियमित शासकीय सेवा में सेवारत हों। फेडरेशन का कहना है कि यह प्रावधान अनियमित कर्मचारियों के संघों को मान्यता देने से रोकता है और उनके आंदोलन को दबाने का प्रयास है। प्रदेश के सरकारी कार्यालयों में लाखों कर्मचारी विभिन्न रूपों में कार्यरत हैं, आउटसोर्सिंग (प्लेसमेंट), सेवा प्रदाता, ठेका, समूह/समिति के माध्यम से नियोजन, संविदा, दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर, मानदेय और अस्थायी कर्मचारी। ये सभी नियमितीकरण की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। फेडरेशन का आरोप है कि सरकार शिक्षित बेरोजगार युवाओं को बंधुआ मजदूर बनाकर रख रही है। मजबूरी में ये लोग बेहद कम वेतन पर काम करने को विवश हैं। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने इस अनियमित कर्मचारी विरोधी नियम को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि अनियमित कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस संशोधन पर पुनर्विचार किया जाए।


गोपाल प्रसाद साहू ने कहा कि पूर्व में भी समय-समय पर अनियमित कर्मचारी संघों ने इस तरह के नियमों पर विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा, हम इस नियम की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यह मुद्दा छत्तीसगढ़ में अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण की लंबे समय से चली आ रही मांग को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। सरकार की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## गर्मी से लोगों का बुरा हाल, रात का तापमान भी बढ़ा रहा परेशानी

**रायपुर 28 अप्रैल।** करीब तीन साल बाद राजधानी में इस बार गर्मी का लंबा दौर चल रहा है. पिछले 16 दिन से यहां का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम नहीं हुआ है. दिन की तेज धूप के बाद रात में भी चार डिग्री के ज्यादा तापमान से लोगों को गर्मी सहनी पड़ रही है. राज्य के मध्य इलाके में अभी भी लू के हालात बने हुए हैं. प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हुई. सर्वाधिक अधिकतम तापमान राजनंदगांव में 44.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.भौगोलिक संदर्भ सोमवार को हवा की दिशा में हुए बदलाव की वजह से जांजगीर, रायगढ़ और बिलासपुर के कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई. जगदलपुर समेत बस्तर में हालात सामान्य रहे, मगर मध्य इलाका गर्मी से झुलसता रहा. मौसम वेधशाला लालपुर में पिछले दो दिन से 44-45 डिग्री की भीषण गर्मी पड़ रही थी, जिससे सोमवार को थोड़ी राहत मिली. यहां छाए हल्के बादल और हवा की गति सामान्य से अधिक होने की वजह से तापमान में करीब दो डिग्री की गिरावट हुई।

# भाजपा हर वर्ग से टिफिन पर चर्चा करे: कांग्रेस

**रायपुर 28 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा के टिफिन पर चर्चा अभियान को राजनैतिक नाटक नौटंकी करार देते हुए कहा कि ढाई साल में जनता से किये एक भी वायदे को पूरा नहीं किया, अब टिफिन पर चर्चा करके जनता और अपने ही कार्यकर्ता को ठगने का नया प्लान भाजपा ने बनाया है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि टिफिन में चर्चा के लिए भाजपा कुछ वर्ग चिन्हांकित कर ले और उनके बीच जाकर चर्चा करे। उनसे किये गये वादे पर ढाई साल में सरकार के द्वारा क्या किया गया, उस पर चर्चा कर ले। अनियमित कर्मचारियों से चर्चा कर ले। आंगनबाड़ी बहनों तथा रसोईया संघ तथा मितानिनों से चर्चा कर ले, उनको नियमित क्यों नहीं किया? डीएड के अभ्यर्थियों से चर्चा कर ले, उनको नौकरी क्यों नहीं दे रहे? युवाओं को बताये 1 लाख नौकरी का क्या हुआ? स्व सहायता समूह की बहनों से चर्चा कर ले, उनका रोजगार क्यों छीना? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चाय पर चर्चा के लिए सरकार के पास अनेकों मुद्दे है, जैसे वह अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के तथा पिछड़ा वर्ग के लोगों से चर्चा करे, उन्हें बताये कि पिछले ढाई साल में उनका आरक्षण भाजपा ने क्यों रोक रखा है? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि टिफिन पर चर्चा तो किसानों से भी होना चाहिए तथा उन्हें सरकार बताये कि खरीफके लिए कितने उर्वरकों की व्यवस्था सरकार ने किया है तथा किसानों को यूरिया, डीएपी की कमी सरकार नहीं होने देगी, क्या इसकी गारंटी सरकार लेगी? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चाय पर चर्चा सरकार में बैठे हुए लोग, भाजपा कार्यकर्ताओं से भी करे तथा उन्हें बताये कि अभी निगम मंडल के सदस्यों, मंडियों तथा सहकारी समितियां, निगमों, पालिकाओं के एल्डरमैनों की भर्ती ढाई साल पूरे होने पर भी क्यों नहीं हुई? क्या सरकार केवल कुछ भाजपाइयों के लिए बनी है।

## प्रोजेक्ट धड़कन से 2 साल की पारूल को मिला नया जीवन

**रायपुर 28 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित प्रोजेक्ट धड़कन ने नारायणपुर के दूरस्थ ब्रेहबेड़ा गांव की 2 वर्षीय पारूल दुग्गा को नया जीवन दिया है। जन्मजात हृदय रोग से ग्रस्त पारूल की रायपुर के श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल में सफल सर्जरी के बाद वह स्वस्थ होकर घर लौट चुकी है। प्रोजेक्ट धड़कन अब नारायणपुर जिले में योजना भर नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए उम्मीद का नाम बन चुका है जिनके लिए हर नन्हीं धड़कन सबसे कीमती है। अबूझमाड़ अंचल के ब्रेहबेड़ा गांव की पारूल कुछ समय पहले तक जल्दी थक जाती थी और सामान्य बच्चों की तरह खेल नहीं पाती थी। सीमित संसाधनों के बीच माता-पिता को उसकी गंभीर बीमारी का पता ही नहीं था।

## भूपेश बघेल के फर्जी वीडियो से कांग्रेसियों में गुस्सा

**रायपुर 28 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के गलत इस्तेमाल ने एक बड़ा सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एक फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। दरअसल यह मामला अब केवल इंटरनेट तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि सड़कों पर बड़े आंदोलन की शक्ल ले चुका है। कांग्रेस के तीनों जिला संगठनों ने एकजुट होकर इस मुद्दे पर पुलिस प्रशासन को घेर लिया है। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने दुर्ग जिले के लगभग सभी थानों में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। हालांकि पुलिस के लिए यह चुनौती बड़ी है क्योंकि डिजिटल साक्ष्यों को ट्रैक करने में समय लगता है। परिणामस्वरूप कांग्रेस ने अब 28 अप्रैल की शाम 5 बजे तक का अल्टीमेटम दे दिया है।

विवादित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। वीडियो बनाने और वायरल करने वाले मास्टरमाइंड पर एफआईआर दर्ज हो। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दुरुपयोग करने वाले तकनीकी अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाए। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने इस पूरे प्रकरण पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले को और भी गंभीर बना दिया है। उन्होंने इस कृत्य को एक सार्वजनिक व्यक्तित्व की छवि खराब करने की गहरी साजिश करार दिया है। दरअसल आयोग ने दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि इस संवेदनशील मामले में बिना देरी किए कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल और मुकेश चंद्राकर के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता अब आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। यदि आज शाम तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई तो यह विरोध प्रदर्शन पूरे प्रदेश में फैल सकता है।

# विस में अजय चंद्राकर की जुबान बंद करने भाई के घर ईडी का छापा: बैज

**रायपुर 28 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि भाजपा नेता अजय चंद्राकर के घर ईडी की छापेमारी हुई है। बताया जाता है भारत माला घोटाले के संदर्भ में छापे मारे गये। क्या इस छापे के पीछे एक मात्र यही कारण है। बड़े-बड़े घोटाले करने के बाद सैकड़ो लोग भाजपा में शामिल हुये उनके खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी गयी, क्लीन चिट दे दिया गया। अजय चंद्राकर तो भाजपा के ही नेता है, फिर उनके घर ईडी क्यों गयी होगी? दरअसल अजय चंद्राकर के विधानसभा में तीखे सवालों से भाजपा नेतृत्व डरा हुआ है। वे अपनी पार्टी की सरकार को आईना दिखाते है। विधानसभा में साय सरकार के 2047 के डाक्यूमेंट को उन्होंने झूठ का पुलिंदा बताया। इसीलिए अजय चंद्राकर के घर ईडी भेजकर जबान बंद करने की कोशिश की जा रही है। पहले विरोधियो के यहां ईडी भेजते थे, अब वे जो अपने है लेकिन असहमत है उनके यहां ईडी भेज रहे है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खरीफ फसल का सीजन आने वाला है। खरीफ में लगने वाले उर्वरको की उपलब्धता पर सरकार मौन है। बार-बार मांग करने के बाद सरकार कितना स्टाक उपलब्ध है, कुछ बता नही रही है। सोसायटियों में न यूरिया पहुंची है और न डी.ए.पी। पिछले साल भी सरकार कितनो को यूरिया, डीएपी नही दे पाई थी, इस बार भी सरकार की तैयारी पूरी नहीं दिख रही है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार मांग के अनुसार उर्वरको की उपलब्धता सुनिश्चित कराये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अडानी पावर को पानी पहुंचाने किसानों के खेतों में जबरिया पाईप डाल रहे, विरोध करने पर धमकाया जा रहा है। अडानी पावर के लिये पानी सप्लाई करने आरंग ब्लाक के महानदी के चिखली और समोदा घाट से अडानी पावर रायखेड़ा में 45 किलोमीटर पाईप लाइन बिछाई जा रही है। इसके लिए किसानों के खेतों को खोदा जा रहा, मेड काटे जा रहे, पेड काटे जा रहे तथा किसानों को न मुआवजा दिया गया न ही उनकी सहमति ली गयी है। 10ग10 की पाइप लाइन डाली जा रही है, जिससे किसानों को 20 फिट खेत प्रभावित हो रहे। भविष्य में किसान यहां पर खोदाई आदि नहीं कर पायेंगे। जो किसान विरोध कर रहे उनको धमकाया जा रहा है। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा हम मांग करते है कि किसानों को मुआवजा दिया जाये तथा सहमति लेकर ही खुदाई की जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राजधानी में कल फिर चाकूबाजी से एक युवक की हत्या कर दी गयी। एक नाबालिक गंभीर रूप से घायल है। कमिश्नरी प्रणाली लागू करने के बाद भी अपराधों पर अंकुश नहीं लग रहा है। रोज हत्या, लूट, चाकूबाजी, की घटनाये हो रही है। पुलिस अपराधो को रोक पाने में नाकाम साबित हो रही है। पुलिस का अपराधो को रोकने के लिये कोई प्रयास भी नहीं दिख रहा। पुलिस तो केवल ट्रैफिक के चालान करने, वसूली करने में व्यस्त है। राजधानी में अपराधों का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है। गृहमंत्री और मुख्यमंत्री के नाक के नीचे राजधानी में रोज हो रही अपराधिक घटनाये सरकार की विफलता को बताती है।

आयोजन | भगवान महावीर कैवल्य कल्याणक दिवस पर

# सकल जैन समाज ने किया सवा पांच लाख नवकार जाप

**रायपुर 28 अप्रैल।** जैन संवेदना ट्रस्ट के आव्हान पर भगवान महावीर कैवल्य कल्याणक दिवस प्रत्यर्थ विश्व के सकल जैन समाज ने गोदोहासन मुद्रा में नवकार जाप कर वीर प्रभु से युद्ध व हिन्सा मुक्त समाज , भाईचारे सहित सुख समृद्धि हेतु की प्रार्थना की । भगवान महावीर स्वामी ने दीक्षा ग्रहण कर साढ़े बारह वर्ष तक साधना की व वैशाख शुक्ल दसमी के शुभ दिवस ऋजुबालिका नदी के तट पर शाल वृक्ष के नीचे गोदोहासन मुद्रा में काउसगग ध्यान करते हुए केवल ज्ञान की प्राप्ति की थी । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि वीर प्रभु ने सदैव विश्व कल्याण की कामना की थी । अतः विश्व भर के जैन समाज ने कैवल्य



मुद्रा गोदोहासन में नवकार महामन्त्र का जाप कर विश्व में युद्ध , हिन्सा मुक्त समाज व भाईचारे समृद्धि के लिए प्रार्थना की है । भक्त की प्रार्थना में बड़ी शक्ति होती है । महेन्द्र कोचर ने बताया कि बच्चों को महावीर स्वामी के केवल ज्ञान व गोदोहासन के बारे में ज्ञान अभिवृद्धि हुई , बच्चों ने उत्साहपूर्वक परिवार के साथ नवकार जाप में भाग लिया । पच्चीस हजार से ज्यादा परिवारों में जाप किया गया । विजय चोपड़ा व महावीर कोचर ने बताया कि बिहार राजस्थान , मध्यप्रदेश , गुजरात , महाराष्ट्र , उड़ीसा , झारखंड , तामिलनाडु , कर्नाटक , दिल्ली सहित पूरे छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों से गोदोहासन मुद्रा में सपरिवार नवकार जाप की जानकारी व फोटोज व्हाट्सएप के माध्यम से मिली है । मंजू कोठारी ने बताया कि जैन भाई बहनों ने घर के मंदिर में या वृक्ष के नीचे ज्ञान प्रतीक दीपक प्रज्वलित कर गोदोहासन में 12 नवकार महामन्त्र का जाप किया अनेक लोगों ने पांच बार भी जाप किया । सकल जैन समाज ने इस विश्वास से जाप किया कि विश्व में देशों के जिम्मेदार राष्ट्राध्यक्ष युद्ध व हिन्सा मुक्त समाज व भाईचारे की स्थापना हेतु प्रयास करेंगे । महेन्द्र कोचर ने कहा कि नवकार जाप से विश्व के नेताओं को परमात्मा से सद्बुद्धि मिले व युद्ध व हिन्सा का मार्ग छोड़ कर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा , दया , करुणा व जियो और जीने दो के उपदेशों का अनुशरण करते हुए शांतिपूर्ण समाज व उन्नति में सहभागी बनें , और प्रार्थना , दृढ़ विश्वास की जीत निश्चित है । महेन्द्र कोचर विजय चोपड़ा ने कहा कि इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी के कल्याणक दिवस पर विविध धर्म आराधना की जावेगी । कैवल्य कल्याणक के अगले दिन भगवान महावीर स्वामी ने चतुर्विध संघ की स्थापना की । साधु साध्वी श्रावक श्राविका ये जैन संघ के चार स्तंभ हैं । वैसाख सुदी ग्यारस को वर्तमान शासनपति महावीर स्वामी के जैन संघ का स्थापना दिवस है । वर्तमान के सभी साधु साध्वी श्रावक श्राविका इसी जैन धर्म संघ के हिस्से हैं ।

# मधुसूदन दास की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित

**रायपुर 28 अप्रैल।** आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सुधारक उत्कल गौरव मधुसूदन दास को जयन्ती पर सादर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से राजधानी शहर में महिला पुलिस थाना चौक के किनारे स्थित उनके मूर्ति स्थल के समक्ष पुष्पांजलि आयोजन रखा गया. पुष्पांजलि आयोजन में प्रमुख रूप से मूर्ति स्थल पर पहुंचकर छत्तीसगढ़ राज्य शहरी दुग्घ महासंघ के अध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता, रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री रमेश सिंह ठाकुर, सिविल लाईन पार्षद प्रतिनिधि श्री संतोष संजना हियाल,सदर बाजार मण्डल अध्यक्ष श्री संतोष सोनी, सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री अजीत सेनापति सहित नगर



निगम जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ दिव्या चंद्रवंशी, सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन और नगर के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने उत्कल गौरव मधुसूदन दास को जयन्ती पर सादर नमन किया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26